www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 278 || अम्बेडकरनगर
शनिवार
03 जनवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र


**मौसम**
सूर्योदयः 06:55
सूर्यास्तः 05:25
अधिकतमः 17:00
न्यूनतमः 09:00



विशेष समाचार प्रदूषण नियंत्रण के बहाने ... >> पेज 04
'शादाब जकाती संग रहती है ... >> पेज 06
2026 में ब्लॉकबस्टर... पेज 07

## दो अफसरों को हटाया, राहुल बोले- जहर बंटा, प्रशासन कुंभकर्णी नींद में

# जल त्रासदी पर आंकड़ों की जंग



राज्य सरकार ने 39 पेज की स्टेटस रिपोर्ट में बताया कि दूषित पानी से चार सीनियर सिटीजन की मौत हुई है। सभी की उम्र 60 साल से ज्यादा है। इनमें उर्मिला की मौत 28 दिसंबर, तारा (60) और नंदा (70) की 30 दिसंबर और हीरालाल ( 65) की 31 दिसंबर को हुई।

**अब तक 2 जांच रिपोर्ट, दोनों निगेटिव**

### राहुल बोले- पानी नहीं जहर बांटा, उमा ने कहा- मोहनजी की कड़ी परीक्षा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा- इंदौर में पानी नहीं, जहर बंटा और प्रशासन कुंभकर्णी नींद में रहा। लोगों ने बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की। फिर भी सुनवाई क्यों नहीं हुई, जिम्मेदार अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? ये 'फोकट' सवाल नहीं, ये जवाबदेही की मांग है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा- मोदीजी हमेशा मौतों पर चुप रहते हैं।

इंदौर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने बताया कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज की लैब रिपोर्ट गुरुवार को आई। इसमें बताया गया कि यह पानी पीने योग्य नहीं है। सैंपल में फीकल कॉलिफॉर्म, ई-कोलाई, विब्रियो और प्रोटोजोआ जैसे खतरनाक बैक्टीरिया पाए गए हैं।

सूत्रों के मुताबिक पानी में हैजा फैलाने वाला विब्रियो कोलेरी भी मिला है, लेकिन सरकारी तंत्र इसे अब भी प्रारंभिक रिपोर्ट कहकर टाल रहा है। नगर निगम ने भी खुद की लैब में करीब 80 सैंपल्स भेजे थे। जांच रिपोर्ट में इन सैंपल्स को 'अनसेटिस्फेक्ट्री' बताया गया है। भागीरथपुरा से लिए गए पानी के सैंपल पीने और अन्य घरेलू उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं था। हालांकि दोनों रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है।

अफसरों ने बताया कि भागीरथपुरा में एक पुलिस चौकी के पास मुख्य पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन में रिसाव पाया गया है। उस स्थान के ऊपर एक शौचालय बना हुआ है। उनका कहना है कि इसी रिसाव के कारण इलाके की जलापूर्ति दूषित हुई।

**संकट**

तमसा संकेत, एजेंसी

इंदौर । इंदौर में दूषित पानी से सिर्फ 4 मौतें हुई हैं। राज्य सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी हाईकोर्ट को दी। सरकार की यह रिपोर्ट तब आई है, जब मृतकों के परिजन और अस्पतालों के जरिए 15 मौतों की जानकारी सामने आ चुकी है।

मामला हाईकोर्ट में है। अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। 1 जनवरी को हाईकोर्ट ने सरकार को स्टेटस रिपोर्ट जमा करने को कहा था। सरकार ने 5 दिन बाद 4 मौतों की बात स्वीकारी।

उधर, मोहन सरकार ने नगर निगम कमिश्नर दिलीप यादव और एडिशनल कमिश्नर रोहित सिसोनिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



**अब तक 15 लोगों की जान गई**

### श्योपुर में भी प्रदर्शन, विधायक जंडेल ने मंत्री विजयवर्गीय को दी डूब मरने की सलाह

श्योपुर के जय स्तंभ पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ प्रदर्शन किया। नेतृत्व विधायक बाबू जंडेल ने किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और मंत्री विजयवर्गीय का पुतला जलाया। पुलिस ने पुतला छीनने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारियों से धक्कामुक्की हो गई। इस दौरान विधायक जंडेल ने विजयवर्गीय को भोपाल तालाब में डूब मरने की सलाह दी। उन्होंने इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी की।



मीडिया ने 31 दिसंबर को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मरीजों के इलाज के पैसे रिफंड न करने पर सवाल पूछा तो उन्होंने अपशब्द कह दिए। इसकी खूब आलोचना हुई। अब 2 जनवरी को मीडिया ने पूछा– आप भागीरथपुरा का पानी पीएंगे? आप तो बिसलरी का पीते हैं। मंत्री मौन रहे और चेहरा झुकाए रखा।

### 50 सवालों का एक ही जवाब- कल प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बाहर निकले तो कार तक पहुंचने में 5 मिनट लगे। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने पूरे रास्ते 50 से ज्यादा सवाल दागे लेकिन उन्होंने कोई रिएक्शन नहीं दिया। सिर्फ एक बार कहा- कल अधिकृत प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सब बताएंगे।

### इंदौर में युवा कांग्रेस ने किया नगर निगम का घेराव, पुलिस ने छीना घंटा

इंदौर के भागीरथपुरा में 15 मौतों के खिलाफ आक्रोश जताते हुए युवा कांग्रेस ने नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। हाथ में घंटा लेकर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नगर निगम और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बैरिकेडिंग पार करने के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से हल्की झड़प भी हो गई। आखिरकार पुलिस ने उनके हाथ से घंटा छीन लिया।

### केंद्र ने ग्रोक से फौरन अश्लील कंटेंट हटाने को कहा

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (X) से कहा कि वह AI एप Grok से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानून कार्रवाई की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने कहा कि आदेश जारी होने के समय से 72 घंटे के भीतर एक एक्शन टेकन रिपोर्ट सौंपें।

दरअसल, शिवसेना (UBT) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को AI चैटबोट Grok के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई थी। आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसमें कहा था कि कुछ लोग AI की मदद से महिलाओं की असली तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं, जो बेहद गंभीर मामला है। कुछ यूजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर फर्जी अकाउंट बनाते हैं।

# गुजरात में सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर अरेस्ट

## 1500 करोड़ की जमीन घोटाले का मामला

**घोटाला**

तमसा संकेत, एजेंसी

सुरेंद्रनगर । प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने 1500 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले के मामले में गुजरात में सुरेंद्र-नगर के पूर्व कलेक्टर राजेंद्र पटेल को अरेस्ट किया है। शुक्रवार को ईडी की तीन टीमें गांधीनगर स्थित राजेंद्र पटेल के आवास पर पहुंचीं, जहां पहले उनसे पूछताछ की गई। हाल ही में ईडी की टीम ने सुरेंद्रनगर के कलेक्टर राजेंद्र पटेल के अलावा उनके पीए जयराजसिंह झाला, डिप्टी तहसीलदार चंद्रसिंह मोरी और क्लर्क मयूरसिंह गोहिल के घर पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान मोरी के घर से 60 लाख से अधिक का कैश भी जब्त किया गया था। यह कैश बेडरूम में छिपाकर रखा गया था। इसके बाद 23 दिसंबर को पीएमएलए की धारा 17 के तहत दर्ज अपने बयान में मोरी ने माना था कि जब्त किया गया कैश रिश्वत का पैसा है, जो आवेदकों से सीधे या बिचौलियों के जरिए लिया गया था।



**डिप्टी तहसीलदार के साथ 1 करोड़ लेने का आरोप**

>> (शेष पेज 06 पर)

# 21 आईएएस का तबादला इनमें 8 महिलाएं शामिल

## योगी ने महिला आईएएस को दी अहम जिम्मेदारियां

**3 अफसर संभालेंगी राजस्व**

**तैनाती**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने देर रात 8 महिला अफसरों समेत 21 IAS का ट्रांसफर किया है। इनमें ज्यादातर प्रमोशन पाए अफसर हैं, जिन्हें नई तैनाती मिली है। सचिव से प्रमुख सचिव बनने वाले दो और विशेष सचिव से सचिव बने कुछ अफसरों को भी नई तैनाती दी गई है।

इसके अलावा, 3 महिला IAS अफसरों को राजस्व की जिम्मेदारी दी गई है।

>> (शेष पेज 06 पर)



राजस्व विभाग की कमान अब पूरी तरह महिला अफसरों के हाथ रहेगी। राजस्व परिषद की रजिस्ट्रार कंचन वर्मा हैं। अब अपर्णा यू और सुधा वर्मा की तैनाती से विभाग की कमान पूरी तरह से महिलाओं के हाथ आ गई है।

**फास्ट न्यूज**

### पत्नी से खर्चे का हिसाब मांगना क्रूरता नहीं :सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि अगर पति घर के पैसों के फैसले खुद करता है या पत्नी से खर्च का हिसाब पूछता है तो इसे क्रूरता नहीं कहा जा सकता। खासकर जब तक इससे पत्नी को कोई गंभीर मानसिक या शारीरिक नुकसान साबित नहीं हो।

**विवाद केस**

### मुकदमा : 'मैं पार्षद का बेटा हूं' बोलकर दरोगा को जड़ा थप्पड़

वाराणसी । वाराणसी में भाजपा पार्षद के बेटे ने दरोगा को थप्पड़ जड़ दिया। मणिकर्णिका घाट के पास भीड़ ज्यादा थी। वहां पर नो-व्हीकल जोन लागू था। तभी 3 युवक बाइक से वहां आ गए। इस पर वहां तैनात दरोगा ने उनको रुकने के लिए कहा। युवक उसके बाद भी नहीं रुका। बोला- आप हमें कैसे रोक सकते हैं? हम पार्षद के बेटे हैं। इस पर दरोगा ने कहा कि ठीक है और उसे पीछे कर दिया। इस पर अचानक से उसने दरोगा को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद वहां मौजूद पुलिसकर्मी युवक लेकर चौक थाने ले आए।

### प्रियंका गांधी के बेटे ने सगाई कन्फर्म कीं

नई दिल्ली । वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की गर्लफ्रेंड अवीवा बेग से सगाई हो गई है। दोनों ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर सगाई की फोटो जारी की है। इसमें उन्होंने बताया कि सगाई 29 दिसंबर 2025 को की गई।

# दुष्कर्म के दोषी आसाराम का सूरत में भव्य स्वागत

## भक्तों ने ढोल-नगाड़ों से किया वेलकम

तमसा संकेत, एजेंसी

सूरत । दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम शुक्रवार को 13 साल बाद सूरत पहुंचा। यहां आश्रम में अनुयायियों ने उनका ढोल-नगाड़ों से भव्य स्वागत किया। आश्रम में लोग हाथों में दीपक लेकर दर्शन के लिए खड़े हुए थे। आसाराम को हाल ही में स्वास्थ्य कारणों से गुजरात हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत दी है।

सूरत पहुंचते ही आसाराम ने अपने जहांगीरपुरा आश्रम का दौरा किया। इस दौरान उनके स्वागत में आश्रम के बाहर सड़कों पर हजारों की संख्या में लोग हाथों में दीपक लेकर खड़े हुए थे। स्वागत के लिए पूरे आश्रम को रोशनी से सजाया गया था और सड़कों पर रंगोली भी बनाई गई थी। आसाराम अगले तीन दिनों तक आयुर्वेद ट्रीटमेंट के लिए आश्रम में ही रहेगा।



**आश्रम के बाहर सड़कों की दोनों ओर हाथों में दीपक लिए रहे अनुयायी**

>> (शेष पेज 06 पर)

# 'दुर्भाग्य से हमारे पड़ोसी अच्छे नहीं'

## शंकर की दो टूक- अपनी रक्षा के लिए किसी से नहीं पूछेगा भारत


**चेतावनी**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को "बुरा पड़ोसी" करार देते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर चेतावनी दी है। उन्होंने आईआईटी मद्रास में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोई पड़ोसी देश जानबूझकर और लगातार आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है और वह इस अधिकार का इस्तेमाल करेगा।

मद्रास स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में छात्रों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए। दरअसल, विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह बयान पिछले साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में था। जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया ।

>> (शेष पेज 06 पर)



IIT मद्रास के कार्यक्रम शास्त्र 2026 में बोलते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

> अगर पड़ोसी अच्छा नहीं है तो आपको इसका फायदा नहीं मिलता। आप यह नहीं कह सकते कि मेरे साथ पानी बांटिए, लेकिन मैं आपके साथ आतंकवाद जारी रखूंगा। यह मुमकिन नहीं है।
> - एस. जयशंकर विदेश मंत्री

### जो करना होगा वो करेंगे

एस जयशंकर ने कहा कि हम उस अधिकार का प्रयोग कैसे करते हैं, यह हम पर निर्भर है। कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए। हम अपनी रक्षा के लिए जो भी करना होगा, वह करेंगे।

### यह समझौता संभव नहीं

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान के साथ 1960 में हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के बारे में बात करते हुए कहा कि कई साल पहले हमने जल बंटवारे की व्यवस्था पर सहमति जताई थी, लेकिन दशकों तक आतंकवाद जारी रहने पर अच्छे पड़ोसी का कोई अस्तित्व नहीं रह जाता। अच्छे पड़ोसी का कोई अस्तित्व नहीं रहता, तो उसके लाभ भी नहीं मिलते।

>> (शेष पेज 06 पर)

**आरोप : जन्मदिन पार्टी के दौरान कानून-व्यवस्था भंग, वीडियो वायरल होने के बाद जांच शुरू**

# अकबरपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में देर रात हंगामा

**सड़क जाम कर तलवार लहराने का आरोप**

बृजेन्द्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। अकबरपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में गुरुवार देर रात कानून-व्यवस्था के उल्लंघन का मामला सामने आया है। आरोप है कि महफ़िल कैफे के सामने कुछ युवाओं ने जन्मदिन मनाने के दौरान सड़क को जाम कर दिया। इस दौरान तेज डीजे बजाया गया और तलवार लहराकर नृत्य किया गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, देर रात तेज आवाज में डीजे बजाया गया, जिससे आसपास के घरों में रहने वाले लोग परेशान रहे। आरोप है कि कुछ युवक सड़क पर तलवार लहराते हुए नाचते नजर आए। वीडियो में तलवार से केक काटने और खुलेआम हथियार लहराने के दृश्य दिखाई देने की बात कही जा रही है।



**रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील क्षेत्र में सड़क जाम**

घटना रेलवे स्टेशन के पास होने के कारण स्थिति को और गंभीर माना जा रहा है। आरोप है कि सड़क जाम होने से यात्रियों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्टेशन की ओर जाने वाले रास्तों पर आवागमन बाधित हो गया, जिससे लोगों को देर रात तक जाम में फंसे रहना पड़ा।

### पुलिस की मौजूदगी के बावजूद कार्रवाई न होने का आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना की जानकारी पुलिस को थी और घटनास्थल से कुछ दूरी पर पुलिसकर्मी मौजूद भी थे। इसके बावजूद न तो डीजे बंद कराया गया और न ही सड़क को खाली कराया गया। लोगों का कहना है कि इस निष्क्रियता से यह संदेश गया कि ऐसे कृत्यों को अंजाम देने वालों में पुलिस का भय नहीं है।

हालांकि, इस संबंध में मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों की भूमिका को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

लोगों का कहना है कि तलवारें लहराए जाने से इलाके में भय का माहौल बन गया। कई लोग अपने घरों की बालकनी और छतों से यह दृश्य देखकर सहमे रहे।

इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियां सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंता का विषय हैं। घंटों तक सड़क जाम रहने के बावजूद स्थिति सामान्य नहीं हो सकी।**

>> (शेष पेज 06 पर)

# 'बिहार में 20-25 हजार में मिलती हैं लड़कियां'

## उत्तराखंड की मंत्री के पति का शर्मनाक बयान

**संज्ञान**

तमसा संकेत, एजेंसी

पटना । उत्तराखंड सरकार में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे कह रहे हैं कि बिहार में लड़की 20-25 हजार में मिल जाती है। मामला अल्मोड़ा की सोमेश्वर विधानसभा का है, जिसमें भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री के पति कुछ लड़कों पर शादी ना होने पर तंज कसते हुए नजर आ रहे हैं। गिरधारी सामने बैठे कार्यकर्ता से कहते हैं- 'चलना हमारे साथ, हम तुम्हारी शादी करवा देंगे।' इस पूरे मामले पर को लेकर RJD ने मंत्री के पति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं बिहार बीजेपी के नेता भी नाराज हैं। पार्टी प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने इसे फूहड़ बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। जदयू ने भी बयान को गलत ठहराया है।




**बीजेपी बोली- महिला सौदे के लिए नहीं, ये सोच गलत**

>> (शेष पेज 06 पर)

# लखनऊ में महिला रोकर बोली- वाटर टैक्स के 2 बिल बना दिए, 76 शिकायतें मिलीं

# नगर निगम ने हाउस टैक्स 432 से 1.60 लाख किया

**आयोजन**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में शुक्रवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें टैक्स असेसमेंट को लेकर परेशान लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। टिकैत राय गंज चौराहे से आई शालिनी ने बताया कि उनका हाउस टैक्स 432 रुपए से बढ़ाकर 1 लाख 60 हजार कर दिया गया। बुजुर्ग पार्वती ने बताया- 27 हजार से ज्यादा हाउस टैक्स आया है।

साल के पहले समाधान दिवस पर लोगों की समस्याओं के निराकरण के



लिए नगर आयुक्त गौरव कुमार और मेयर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रहीं। इस दौरान कई लोग ऐसे भी रहे, जिनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिसके चलते वो निराश दिखे। लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा-हमारा प्रयास है कि नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण पारदर्शी, न्यायसंगत और समयबद्ध ढंग से किया जाए। गृहकर एवं जलकर से संबंधित आपत्तियों का समाधान कर आम नागरिकों को राहत देना हमारी प्राथमिकता है। मोहम्मद अजीम ने

**कल्याणपुर के अजीत कुमार यादव ने बताया- एक घर पर जल संस्थान की ओर से डबल आईडी जारी कर दी गईं। मां किरण और पिता रामधन के नाम पर पर दो-दो वाटर टैक्स आ रहे हैं। जबकि, पिताजी की मौत हो गई है। 23,751 रुपए का पानी का बिल पिताजी के नाम पर भी भेज दिया।**

बताया- वह अपने ससुराल से जुड़ा मामला लेकर आए हैं। बाबू बनारसी दास वार्ड में उनकी ससुराल है। वहां हाउस टैक्स 14 हजार के करीब आया था। जो बेहद ज्यादा था, यहां आने के बाद जब कागज दिखाए तब इसे काफी कम कर दिया गया। अब 3 हजार की करीब हो गया है। कुल मिलाकर समस्या का समाधान मिल गया। टिकैत राय गंज चौराहे से आई शालिनी ने बताया- पहले मेरे यहां हाउस टैक्स 432 रुपए आता था। असेसमेंट करके 1 लाख 60 हजार कर दिया है। यहां आने के बाद साढ़े 6 हजार जमा किया है। GIS सर्वेक्षण के उपरांत कर निर्धारण से संबंधित शिकायतों पर मौके पर ही सुनवाई की गई। शिकायतकर्ता अनिल कुमार गोबिल, जानकीपुरम सेक्टर-एफ का GIS के अनुसार वार्षिक मूल्य 44,280 रुपए निर्धारित किया गया था, जिसे निस्तारण के पश्चात घटाकर 21,262 रुपए कर दिया गया।



### समाधान शिविर में 76 शिकायतें मिलीं

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान नगर निगम के विभिन्न जोनों से गृहकर एवं जलकर से संबंधित कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें गृहकर से संबंधित 60, जलकल से संबंधित 16 आपत्तियां शामिल थीं। जोन-1 से 25, जोन-2 से 5, जोन-3 से 5, जोन-4 से 1, जोन-5 से कोई आपत्ति नहीं, जोन-6 से 11, जोन-7 से 11 तथा जोन-8 से 2 आपत्तियां प्राप्त हुईं।

### 20 समाधान दिवस में पहुंचे पर नहीं मिली राहत

जानकीपुरम द्वितीय से पहुंचे दिनेश चंद्र तिवारी ने बताया- उनका गेस्ट हाउस है। उस पर अवैध तरीके से 41 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया गया। कम से कम 20 बार समाधान शिविर में आ चुके हैं, अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

बुजुर्ग महिला पार्वती ने बताया- मेहंदी गंज में रहते है। मेरे ससुर के नाम मकान है। 27 हजार से ज्यादा हाउस टैक्स आया है। घर में अकेला सिर्फ एक लड़का है, वो भी बीमार रहता है। कैसे इतना ज्यादा टैक्स भर पाएंगे। इसलिए यहां आई थी।

# कंबल वितरण कार्यक्रम का किया गया सफल आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार आज डीएफओ, लखनऊ द्वारा चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों एवं न्यूनतम वेतन पर कार्यरत कार्मिकों को कड़ाके की ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कंबल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मौलश्री प्रेक्षाग्रह में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में डीएफओ, लखनऊ श्री सितांशु पाण्डेय तथा एसडीओ, मोहनलालगंज श्री चन्दन चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अधिकारियों द्वारा स्वयं कार्मिकों को कंबल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर अवध वन प्रभाग, लखनऊ द्वारा उन समस्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जो बिना किसी अवकाश के हर मौसम में वन विभाग की सेवा में तत्पर रहते हैं। ये कर्मचारी वन चौकियों में ड्यूटी करते हुए, पौधशालाओं में नवीन पौधों के उत्पादन एवं पुराने पौधों के संरक्षण का कार्य करते हैं, साथ ही वन भूमि को अतिक्रमण से सुरक्षित रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। डीएफओ, लखनऊ द्वारा सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि वन विभाग का मुख्य उद्देश्य वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है, जिसके लिए सभी कर्मचारियों का समर्पण और निष्ठा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा कर्मचारियों के कल्याण हेतु भविष्य में भी इसी प्रकार के प्रयास निरंतर किए जाते रहेंगे।

**फास्ट न्यूज**

### रिटायर्ट अफसर से 90 लाख की ठगी

लखनऊ । लखनऊ में साइबर जालसाजों ने वित्त विभाग से रिटायर्ड अफसर को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर 25 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। इस दौरान उनसे 90 लाख रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। मामले की जानकारी होने पर उनके बेटे ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने जालसाजों के खातों में मौजूद 15 लाख रुपए फ्रीज करा दिए हैं।

### लखनऊ में एअर इंडिया के विमान ने लगाए 17 चक्कर

लखनऊ । लखनऊ एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के एक विमान ने शुक्रवार को आसमान में 17 चक्कर काटे। घने कोहरे के कारण उसकी लैंडिंग नहीं हो पाई। आखिर में उसे दिल्ली के लिए डायवर्ट करना पड़ा। लखनऊ में बढ़े कोहरे की वजह से कई उड़ानें घंटों देरी से चल रही हैं। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, दिल्ली से सुबह 6:30 बजे लखनऊ पहुंचा एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान (IX-2171) घने कोहरे के कारण चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर नहीं उतर सका। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने कम दृश्यता के कारण इसे लैंडिंग की अनुमति नहीं दी।

### आरोपी डॉक्टर के खिलाफ गैर जमानती वारंट

लखनऊ । KGMU में यौन शोषण और धर्मांतरण के लिए दबाव डालने के आरोपी रेजिडेंट डॉक्टर रमीजुद्दीन नाइक उर्फ रमीज मलिक के खिलाफ गुरुवार को गैर जमानती वारंट जारी कर दिया गया। डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने पुलिस के आवेदन पर यह आदेश जारी किया। लखनऊ पुलिस की 5 टीमें आरोपी डॉक्टर की गिरफ्तारी के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में दबिश दे रही हैं।

## कायस्थ चित्रगुप्त महासभा ने डॉ० संपूर्णानंद की जयंती मनाई



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। कायस्थ चित्रगुप्त महासभा उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में कायस्थ शिरोमणि समाजवादी विचारधारा के प्रथम अनुयायी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर संपूर्णानंद की 136 वीं जयंती महासभा कार्यालय हरिहर नगर लखनऊ में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत प्रकाश श्रीवास्तव व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने डॉ संपूर्णानंद जी की चित्र पर माल्यार्पण पर एवं पुष्पांजलि अर्पित किया कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि डॉक्टर संपूर्णानंद जी ने नैनीताल में एक वेधशाला की स्थापना कर विज्ञान के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया और महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने 1922 में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। इसके अतिरिक्त 1962 से 1967 तक राजस्थान के राज्यपाल रहे महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कार्यक्रम में दिनेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष प्रशासन उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी व कायस्थ समाज बड़ी संख्या में उपस्थित सभी लोगों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया।

### केजीएमयू का इंटर्न डॉक्टर भी फरार

लखनऊ । लखनऊ के KGMU में नर्सिंग छात्रा से शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोपी इंटर्न डॉक्टर फरार हो गया है। उसका फोन भी बंद है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए तीन टीमें लगाई हैं।

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी डॉक्टर मोहम्मद आदिल और पीड़िता के बीच पहले भी विवाद हुआ था। जिसके बाद पंचायत बैठाई गई थी। उस दौरान दोनों पक्षों में समझौता हो गया था, लेकिन बाद में रिश्ते फिर से बिगड़ गए।

KGMU में 16 दिनों में यह दूसरा मामला सामने आया है। इससे पहले पश्चिम बंगाल की रहने वाली एक डॉक्टर ने अपने साथी डॉक्टर रमीजुद्दीन के खिलाफ FIR दर्ज करवाई थी। डॉक्टर ने आरोप लगाया था कि डॉक्टर रमीजुद्दीन ने उसे लव-जिहाद में फंसाया। शादी से पहले धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाला। इस मामले में सीएम योगी ने भी पीड़ित डॉक्टर से बात की है। डॉक्टर रमीजुद्दीन अभी फरार है।

## वर्तमान में यहाँ से रोजाना लगभग 350 बसें चलती हैं

# चारबाग बस अड्डा होगा बंद आलमबाग से दौड़ेंगी बसें

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । चारबाग बस अड्डे से बसों का संचालन जल्द बंद होने की खबर उजागर हुई है। बताया जा रहा है कि,चारबाग बस अड्डे से बसों का संचालन जल्द ही बंद हो जाएगा। यहाँ से चलने वाली सभी बसें अब आलमबाग बस टर्मिनल से संचालित की जाएंगी।वर्तमान में यहाँ से रोजाना लगभग 350 बसें चलती हैं और करीब 22 से 25 हजार यात्री सफर करते हैं, जिन्हें अब अपनी यात्रा के लिए आलमबाग जाना होगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वालों के लिए, जिन्हें अब नए अड्डों तक पहुँचने में अतिरिक्त समय और पैसा लगेगा, जिससे आम लोगों का रोजमर्रा का सफर कठिन हो सकता है, हालांकि कुछ नए अड्डे बनने से निजी बसों के लिए विकल्प खुलेंगे।

### नया बस स्टेशन छह मंजिला होगा

चारबाग बस स्टेशन को पीपीपी (PPP) मॉडल पर लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है।नया बस स्टेशन छह मंजिला होगा, जिसमें वीआईपी लाउंज, कैफेटेरिया, फूड कोर्ट, शॉपिंग मॉल, वेटिंग एरिया, लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएँ मिलेंगी। स्टेशन की घेराबंदी शुरू हो चुकी है और निर्माण कार्य के लिए टिनशेड लगा दिए गए हैं। फिलहाल केवल एंट्री गेट ही खुला है।




**चारबाग बस अड्डे से बसों का संचालन बंद होने या शिफ्ट होने की खबरों पर जनता मिली-जुली प्रतिक्रिया दे रही है। जहां कुछ लोग इसे ट्रैफिक कम करने और आधुनिक सुविधाओं के लिए अच्छा मान रहे हैं (जैसे आलमबाग आईएसबीटी), वहीं कई लोग चारबाग के केंद्रीय स्थान के कारण परेशानी और असुविधा की चिंता जता रहे हैं**

# ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी में पुलिस ने दी सुरक्षा और निष्ठा का संदेश

### सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज ने चुनावी तैयारियों और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया, ठंड में कम्बल वितरण भी

तमसा संकेत, संवाददाता





लखनऊ। दक्षिणी जोन के थाना निगोहा में आज ग्राम प्रहरियों की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज श्री विकास कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक का संचालन थानाध्यक्ष निगोहा श्री अनुज कुमार तिवारी ने किया। गोष्ठी में उपस्थित सभी ग्राम प्रहरियों को पुलिस व्यवस्था की नींव एवं ग्राम स्तर पर प्रशासन की "आंख और कान" बताते हुए आगामी चुनाव में उनकी भूमिका के महत्व पर जोर दिया गया। सहायक पुलिस आयुक्त ने सभी चौकीदारों को सतर्कता, निष्पक्षता और निष्ठा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्देशों में शामिल थेः संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देना, चुनाव में शांति बनाए रखना, असामाजिक तत्वों पर नजर रखना और जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करना। सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

गोष्ठी के बाद, कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए ग्राम प्रहरियों और जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्राम प्रहरियों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आश्वासन दिया।

### हनुमानजी के दर्शन, फिर दानपेटी चुराई

लखनऊ । लखनऊ में प्राचीन शीतला माता मंदिर से दानपात्र चोरी हो गया। सुबह जब पुजारी मंदिर पहुंचे तो देखा कि दानपात्र गायब था। CCTV खंगाला गया तो चोरी करते एक युवक दिखाई दिया। वह सीधे दानपात्र के पास पहुंचा, लेकिन उसे छूने से पहले उसने हनुमानजी की ओर देखा। इसके बाद दानपात्र के ऊपर रखी सामग्री हटाई और फिर दानपात्र पकड़ते समय दोबारा हनुमानजी की ओर नजर डाली। चोर ने एक बार पसीना पोंछा, कुछ क्षण सोचा और फिर दानपात्र उठा लिया। जाते वक्त वह तीन कदम उल्टे पांव चला, मानो भगवान की ओर पीठ न करना चाहता हो। बाहर निकलते समय उसने मुड़कर एक बार फिर हनुमानजी के दर्शन किए। मंदिर में चोर नंगे पांव पहुंचा था, ऐसा लग रहा कि वह बाहर जूते या चप्पल निकाल कर गया था। घटना कैंटोनमेंट सदर क्षेत्र की है। मामला नेहरू रोड स्थित प्राचीन माता शीतला देवी मंदिर का है। पुजारी ने CCTV फुटेज पुलिस को सौंपते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

# सीएम का आदेश : 12वीं तक के सभी स्कूल 5 जनवरी तक बंद

### सीएम योगी बोले- कोई भी खुले में ना सोए, लखनऊ में रैन बसेरों को चेक करें

हेमन्त कृष्णा

तमसा संकेत, लखनऊ । लखनऊ समेत प्रदेश में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। राजधानी घने कोहरे की चपेट में है। बढ़ती ठंड को देखते हुए योगी सरकार ने 12वीं तक के स्कूल-कॉलेज 5 जनवरी तक के लिए बंद कर दिए हैं।

सीएम योगी ने कहा- यह आदेश ICSE, CBSE, UP बोर्ड के सभी स्कूलों पर लागू होगा। अधिकारी क्षेत्र में रहें। कंबल और अलाव का इंतजाम करें। कोई भी व्यक्ति खुले में सोए न मिले। रैन बसेरों में सभी व्यवस्थाएं होनी चाहिए। अधिकारी रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करें।

इससे पहले सीएम ने 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक 12वीं तक स्कूल बंद किए थे। प्राइमरी स्कूलों में एक से 14 जनवरी तक छुट्टी पहले से



घोषित है। मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों में कंबल वितरण और अलाव की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। खासतौर पर गरीब, निराश्रित और सड़क किनारे रहने वाले लोगों तक राहत सामग्री समय पर पहुंचाई जाए। रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में बिस्तर, कंबल, हीटर और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिल सके।

### रैन बसेरों में सभी सुविधाएं अनिवार्य

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि सभी रैन बसेरों में साफ-सफाई, बिजली, पानी और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जाए। लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गोमती नदी में जल्द शुरू होगी वाटर मैट्रो कार्यवाही प्रक्रियाधीन

### वाटर मैट्रो के संचालन से लोगों को रोजगार के साथ मनोरंजन भी मिलेगा : दयाशंकर सिंह

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 के ड्रीम प्रोजेक्ट जल परिवहन के संबंध में आज उ0प्र0 के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह के सरकारी आवास 9 कालीदास पर कोच्चि मैट्रो के निदेशक श्री संजय कुमार से वार्ता हुई। लखनऊ में गोमती नदी में वाटर मैट्रों के संचालन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में गोमती नदी में वाटर मैट्रो चलाने में क्या संभावनाएं हैं, इसकी तकनीकी व्यवहारिकता अध्ययन संबंधी रिपोर्ट निदेशक श्री संजय कुमार ने प्रस्तुत की। परिवहन मंत्री ने बताया कि उ0प्र0 के तीन महत्वपूर्ण स्थानों की तकनीकी व्यवहारिकता अध्ययन रिपोर्ट तैयार हो चुकी है। लखनऊ के गोमती नदी में वाटर मैट्रो के



संचालन हेतु कार्यवाही चल रही है। इसके बाद मथुरा में यमुना नदी में आगरा से यमुना तक, गोरखपुर में रामगढ़ ताल, बलिया में सुरहा ताल एवं गंगा नदी में संचालन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां की जनता को सुविधाएं प्राप्त होगी। साथ ही पर्यटन की दृष्टि से एवं आर्थिक उपार्जन की दृष्टि से उपयोगी होगा। जल परिवहन का विकास जनता के मनोरंजन की दृष्टि से भी बहुत उपयोगी होगा।

**परिवहन मंत्री ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस संबंध में जो भी आवश्यक कार्यवाही है, उसमें तेजी लाई जाए। जिससे कि मा0 मुख्यमंत्री जी के उक्त ड्रीम प्रोजेक्ट पर कार्यवाही तेज हो सके। जिसका लाभ जनता को यथाशीघ्र प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि परियोजना से संबंधित होने वाले व्यय का विवरण उपलब्ध कराये, जिससे शासन से बजट आवंटन की व्यवस्था कराई जा सके।**

**स्वीकृति : शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा निर्गत कर दिया गया**

# 09 करोड़ 99 लाख 60 हजार की धनराशि की स्वीकृति की गयी प्रदान

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम मे उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना (एमकेए-सवाई) के अन्तर्गत अनुदान सं0-83 में वित्तीय वर्ष 2025-26 में एस०एन०ए० स्पर्श प्रणाली पर भारत सरकार द्वारा जारी केन्द्रांश धनराशि की मदर सेंक्शन के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि कुल मिलाकर रू 9 करोड़ 99 लाख 60 हजार की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में महिला किसान सशक्तिकरण परियोजनान्तर्गत एस०एन०ए० स्पर्श माडयूल के अंतर्गत भारत सरकार



द्वारा स्वीकृत मदर सैक्शन के सापेक्ष अनुदान सं0-83 (अनु० जाति मद) मानक मद-27 सब्सिडी के अंतर्गत केन्द्रांश की धनराशि रू0 59976000/- के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि रू0 39984000/- इस प्रकार कुल धनराशि रू0 99960000/- (रू0 नौ करोड निन्यानबे लाख साठ हजार मात्र) को अवमुक्त कर आयुक्त, ग्राम्य विकास के निवर्तन पर रखे जाने एवं व्यय किये जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की गयी है।

इस सम्बन्ध मे आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन,ग्राम्य विकास विभाग द्वारा निर्गत कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य द्वारा सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का व्यय निर्धारित दिशा निर्देशो व गाइड लाइन के अनुरूप समय से किया जाय, इसमे किसी प्रकार की शिथिलिता क्षम्य नही होगी। जारी शासनादेश मे कहा गया है कि धनराशि का कोषागार से आहरण एकमुश्त न करते हुए आवश्यकतानुसार चरणों में किया जायेगा।धनराशि का आहरण एवं व्यय योजना विषयक गाइड लाइन/दिशा निर्देश तथा इस संबंध में समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा।

**स्वीकृत धनराशि के नियम संगत व्यय व स्वीकृत धनराशियों के निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व आयुक्त, ग्राम्य विकास/मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का होगा। जारी शासनादेश मे कहा गया है कि धनराशि के आहरण एवं व्यय के संबंध में मितव्ययिता संबंधी समय-समय पर निर्गत शासनादेश एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।**

### लखनऊ में रेलवे की जमीन से 440 झोपड़ियां हटाई

लखनऊ । लखनऊ में रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बसाई गई बस्ती पर बुलडोजर चला। निराला नगर और डालीगंज इलाके में करीब 440 झुग्गी-झोपड़ियों को तोड़ दिया गया। कथित तौर पर रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से रह रहे लोग रोहिंग्या-बांग्लादेशी बताए जा रहे हैं।

प्रशासन और रेलवे अधिकारियों की संयुक्त टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि रेलवे लाइन के किनारे लंबे समय से अवैध कब्जा कर झोपड़ियां बनाई गई थीं, जिससे सुरक्षा और परिचालन दोनों पर खतरा बना हुआ था। कई बार नोटिस देने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद सख्त कदम उठाया गया। कार्रवाई निराला नगर और डालीगंज इलाके में की गई, जहां रेलवे ट्रैक के बेहद पास झुग्गी-झोपड़ियां बनी हुई थीं। बुलडोजर कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## तमसा तट पर दीपोत्सव, लाइट-साउंड व लेजर शो होंगे मुख्य आकर्षण

# श्रवण धाम महोत्सव 2026 की तैयारियों की समीक्षा

**निर्देश**

बृजेन्द्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जनपद के प्रसिद्ध पौराणिक एवं पर्यटन स्थल श्रवण क्षेत्र धाम में 18 से 20 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय श्रवण धाम महोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव को भव्य, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि श्रवण



धाम महोत्सव को विशेष पहचान दिलाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों और अधिकारियों की अलग-अलग समितियां गठित की गई हैं। प्रत्येक समिति को स्पष्ट दायित्व सौंपते हुए समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं में गुणवत्ता, समन्वय और समय-पालन पर विशेष जोर दिया गया। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सायं 4 बजे से 5 बजे तक तमसा आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सायं 5 बजे से 6 बजे तक स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इससे क्षेत्रीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा मिलेगा। सायं

**18 से 20 जनवरी तक ऐतिहासिक आयोजन**

### विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति, व्यवस्थाओं पर विशेष जोर

बैठक में जानकारी दी गई कि महोत्सव के प्रत्येक दिवस विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा और पार्किंग सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं।

6 बजे से रात्रि 9 बजे तक विशेष आकर्षण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में तीनों दिन अलग-अलग विश्वविख्यात कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक झलक देखने को मिलेगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी तैयारियों की नियमित समीक्षा की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

### तीन दिनों तक विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला

महोत्सव के तीनों दिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक विभागीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन महिला गोष्ठी, दूसरे दिन किसान सम्मेलन और तीसरे दिन श्रमिक एवं युवा सम्मेलन प्रस्तावित हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

प्रत्येक दिन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें नृत्य, संगीत, नाटक और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया जाएगा।

### दीपोत्सव और आधुनिक तकनीक होंगे आकर्षण का केंद्र

महोत्सव के प्रथम दिन श्रवण धाम स्थित तमसा तट पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दीपों से सजे घाट और धार्मिक वातावरण श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके साथ ही महोत्सव के दौरान लाइट एंड साउंड शो तथा लेजर शो का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे आयोजन की भव्यता और आधुनिकता दोनों का समावेश होगा।

# नो एंट्री के बावजूद नगर में घुस रहे भारी वाहन यातायात व्यवस्था बेपटरी

## अकबरपुर-बसखारी मार्ग पर जाम की समस्या, प्रतिबंधों की उड़ रही धज्जियां

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जनपद मुख्यालय पर लागू नो एंट्री व्यवस्था के बावजूद भारी वाहनों का नगर क्षेत्र में प्रवेश थम नहीं रहा है। प्रतिबंधित समय और मार्गों पर ट्रक, डंपर और अन्य भारी वाहन खुलेआम दौड़ते नजर आ रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। अकबरपुर–बसखारी मार्ग पर बसपा कार्यालय और अकबरपुर कोतवाली के मध्य भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर स्थिति और गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त मार्ग नगर के व्यस्ततम हिस्सों में शामिल है। इसके बावजूद यहां दिन में भी भारी वाहनों का प्रवेश हो रहा है, जो जाम का प्रमुख कारण बन रहे हैं। सड़क की चौड़ाई सीमित होने के चलते जब भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, तो दोनों ओर वाहनों की



लंबी कतार लग जाती है। नगर क्षेत्र में भारी वाहनों के लिए नो एंट्री लागू होने के बावजूद उसका प्रभावी पालन नहीं हो पा रहा है। यातायात नियमों के तहत निर्धारित समय और मार्गों पर प्रतिबंध के बावजूद भारी वाहन बेरोकटोक नगर में प्रवेश कर रहे हैं। इससे यातायात पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नो एंट्री का सख्ती से पालन कराया जाए तो जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। लेकिन वर्तमान स्थिति में नियम केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहे हैं।

### व्यस्त मार्ग पर बढ़ी परेशानी

अकबरपुर–बसखारी मार्ग पर प्रशासनिक कार्यालय, राजनीतिक कार्यालय, कोतवाली, बाजार और आवासीय इलाके स्थित हैं। दिनभर दोपहिया, तिपहिया, चारपहिया वाहन और पैदल राहगीरों की आवाजाही रहती है। ऐसे में भारी वाहनों के प्रवेश से न केवल जाम की स्थिति बनती है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई बार भारी वाहन बीच सड़क पर फंस जाते हैं, जिससे ट्रैफिक पूरी तरह ठप हो जाता है।

**फास्ट न्यूज**

### गर्लफ्रेंड ने पेड़ पर चढ़कर बॉयफ्रेंड का शव उतारा

प्रयागराज । प्रयागराज में प्रेमिका के घर छोड़कर भागने से मना करने पर प्रेमी ने जान दे दी। वह प्रेमिका के दुपट्टे का फंदा बनाकर पेड़ से लटक गया। करीब 80 कॉल का जवाब नहीं मिलने पर प्रेमिका को अनहोनी की आशंका हुई। वह भागते हुए नहर के किनारे पहुंची। वहां देखा तो प्रेमी का शव पेड़ से लटक रहा था। प्रेमिका ने दुपट्टा खोला और शव को नीचे उतारा। काफी देर तक वह प्रेमी के शव के पास बैठे रोते रही।

### अनुसूचित जाति ऋण गृहीताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू

अंबेडकरनगर। अनुसूचित जाति वर्ग के ऋण गृहीताओं को राहत देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा एकमुश्त समाधान (ओटीएस) योजना लागू की गई है। यह योजना 01 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। योजना का लाभ उन व्यक्तियों को मिलेगा, जिन्होंने पूर्व में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड, अंबेडकरनगर के माध्यम से विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्राप्त किया था, लेकिन किन्हीं कारणों से निर्धारित समय में किस्तों का भुगतान नहीं कर सके।

### पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई

अंबेडकरनगर। पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एसपी अभिजित आर शंकर ने दूर-दराज से आए आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, धोखाधड़ी, पुलिस कार्रवाई से संबंधित प्रकरण और अन्य आपराधिक मामलों से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं।

# कर्नाटक राज्यपाल से भाजपा नेता ने की नववर्ष की शुभकामनाएं

## थावरचंद्र गहलोत से मुलाकात में नई साल के लिए शुभकामनाओं का आदान-प्रदान

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद्र गहलोत से भाजपा नेता और नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य ने मुलाकात की और वर्ष 2026 की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर नए वर्ष की शुरुआत में सौहार्द और सहयोग के संदेश का आदान-प्रदान हुआ।

विवेक मौर्य ने राज्यपाल से भेंट करते हुए कहा कि वर्ष 2026 प्रदेश और देश के लिए प्रगति और विकास का वर्ष हो। उन्होंने सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों के क्षेत्र में नारायण फाउंडेशन की गतिविधियों के बारे में भी जानकारी साझा की। राज्यपाल ने इस पहल की सराहना की और नई योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुलाकात के दौरान कई विषयों पर बातचीत हुई। इसमें राज्य के



सामाजिक और विकासात्मक पहलुओं, सांस्कृतिक आयोजनों, और सामाजिक संस्थाओं की भूमिका पर चर्चा की गई। भाजपा नेता और फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि नागरिकों को जोड़ने और सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ाने वाले कार्यक्रमों में सरकारी संस्थाओं का सहयोग महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर नए वर्ष में प्रदेश के नागरिकों के कल्याण और विकास के लिए किए जाने वाले प्रयासों में निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया।

### नववर्ष 2026 के लिए शुभकामनाओं का आदान-प्रदान

विवेक मौर्य और नारायण फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला वर्ष सभी के लिए उन्नति, स्वास्थ्य और सफलता का वर्ष साबित हो। राज्यपाल ने उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि नागरिकों की भलाई और समाज के हित में किए गए प्रयास सराहनीय हैं।

इस दौरान नई परियोजनाओं और सामाजिक कार्यक्रमों में सरकारी समर्थन के महत्व पर भी जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में सामाजिक कल्याण और विकास कार्यों में सहयोग और साझेदारी बनी रहेगी।

## स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा आकांक्षा को जिला स्तर पर मिला सम्मान

# हाईस्कूल में 90.17 प्रतिशत अंक लाने वाली दिव्यांग छात्रा सम्मानित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इंटर कॉलेज, लखनऊ में अध्ययनरत अंबेडकरनगर की छात्रा आकांक्षा ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा में 90.17 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर गुरुवार को जिला प्रशासन की ओर से छात्रा को सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रा आकांक्षा, अंबेडकरनगर जनपद के सरायजैन खां, पोस्ट मखदूमसराय की निवासी हैं। सीमित संसाधनों और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने



नियमित अध्ययन और अनुशासन के बल पर यह सफलता अर्जित की। जिले के लिए यह उपलब्धि प्रेरणादायक मानी जा रही है। सम्मान समारोह के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग छात्र-छात्राएं यदि उचित मार्गदर्शन और अवसर पाएं तो किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। आकांक्षा की सफलता इस बात का प्रमाण है कि समर्पण और परिश्रम के सामने कोई बाधा टिक नहीं सकती। उन्होंने शिक्षा विभाग और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। इस सम्मान से जिले में सकारात्मक संदेश गया है कि प्रशासन प्रतिभाशाली दिव्यांग विद्यार्थियों को पहचान देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की उपलब्धियां अन्य छात्राओं के लिए भी मार्गदर्शक साबित हो सकती हैं।

### जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान

जिले में आयोजित एक सादे लेकिन गरिमामय कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने छात्रा आकांक्षा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान जिले की दिव्यांग प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी भी उपस्थित रहीं।

### दृष्टिबाधित छात्राओं के लिए संचालित है स्पर्श कॉलेज

स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इंटर कॉलेज, लखनऊ दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित एक विशेष शिक्षण संस्थान है, जहां दृष्टिबाधित छात्राओं को माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान की जाती है। इस संस्थान से पढ़कर निकलने वाली छात्राएं लगातार शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। आकांक्षा की सफलता को इसी क्रम की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

## अंबेडकरनगर बनाम बस्ती: रोमांचक मुकाबले में बस्ती ने एक विकेट से दर्ज की जीत

# स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अंबेडकर नगर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन शुक्रवार को अंबेडकरनगर और बस्ती की टीमों के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। अंतिम ओवर तक चले इस मैच में बस्ती ने एक विकेट से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। 94 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बस्ती की टीम की शुरुआत भी आसान नहीं रही। अंबेडकरनगर के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए लगातार विकेट चटकाए। एक समय बस्ती की स्थिति बेहद नाजुक हो गई थी



और मैच अंबेडकरनगर की पकड़ में नजर आने लगा। मैच का निर्णायक मोड़ उस समय आया जब नौवें विकेट के लिए रामपाल और आर्यन ने 41 रनों की बहुमूल्य साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने संयम और साहस का परिचय देते हुए रन जोड़े और मैच का रुख बस्ती की ओर मोड़ दिया। अंततः बस्ती ने 14.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर एक विकेट से जीत दर्ज की।

इस मुकाबले में अतिरिक्त रनों की भूमिका भी अहम रही। अंबेडकरनगर के गेंदबाजों ने 30 रन अतिरिक्त दिए, जो अंत में हार का बड़ा कारण साबित हुए। बस्ती की ओर से रामपाल ने 20 रन और रुद्रा ने 19 रन बनाए।

### मुख्य अतिथि ने किया खिलाड़ियों से परिचय

मैच के मुख्य अतिथि अंकित पांडेय, एमडी पार्थ धागा मिल रहे। उन्होंने मैदान पर पहुंचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और इस राज्य स्तरीय आयोजन के लिए अंबेडकर नगर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की सराहना की। उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा और मुकाबला पूरे समय दर्शकों को बांधे रहा।

### अंबेडकरनगर की पहले बल्लेबाजी

अंबेडकरनगर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन पूरी टीम 13.3 ओवर में 93 रन बनाकर आउट हो गई। टीम की ओर से आयुष ने 30 रन और महेंद्र ने 14 रन का योगदान दिया। इसके अलावा अन्य बल्लेबाज बस्ती के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं सके। बस्ती की ओर से कप्तान रुद्र प्रताप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके, जबकि विनय और सुदीश ने दो-दो विकेट हासिल किए। शुरुआती ओवरों से ही बस्ती के गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा, जिससे अंबेडकरनगर की पारी सिमट गई।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह में नियमों की अनदेखी बिना नंबर प्लेट सरकारी वाहन का उपयोग

## वाहन पर अंकित है 'उत्तर प्रदेश सरकार', यातायात नियमों पर उठे सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। एक ओर जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया है। आरोप है कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ऐसे वाहन का उपयोग किया जा रहा है, जिस पर नंबर प्लेट अंकित नहीं है। वाहन पर स्पष्ट रूप से 'उत्तर प्रदेश सरकार' लिखा हुआ है, लेकिन पंजीकरण संख्या का अभाव दिखाई दे रहा है।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीड और बिना नंबर प्लेट वाहनों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा बिना नंबर प्लेट वाहन का उपयोग किए जाने



का मामला चर्चा में है और इस पर सवाल उठ रहे हैं। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूली बच्चों, आम नागरिकों और वाहन चालकों को नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जा रहा है। जगह-जगह पोस्टर, बैनर और गोष्ठियों के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि नियमों का उल्लंघन जान-माल के लिए खतरा बन सकता है। इसी दौरान एक वरिष्ठ अधिकारी से जुड़े वाहन का बिना नंबर प्लेट उपयोग किया जाना आम जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

### नंबर प्लेट के बिना सड़कों पर दौड़ रहा वाहन

स्थानीय लोगों और कर्मचारियों के अनुसार बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जुड़ा वाहन कई बार सड़कों पर देखा गया है, जिस पर न तो आगे और न ही पीछे पंजीकरण संख्या अंकित है। वाहन के दोनों ओर 'उत्तर प्रदेश सरकार' लिखा हुआ है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह सरकारी प्रयोजन में प्रयुक्त किया जा रहा है। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार किसी भी वाहन का बिना वैध नंबर प्लेट सड़क पर संचालन नियमों का उल्लंघन है। चाहे वाहन निजी हो या सरकारी, सभी पर समान रूप से नियम लागू होते हैं। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा सप्ताह जैसे अभियान के दौरान इस तरह का मामला सामने आना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

# बंजर भूमि पर अवैध निर्माण का मामला, प्रशासन ने लिया संज्ञान

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। भीटी थाना क्षेत्र के राजस्व ग्राम सभा मिझोडा में बंजर भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। ग्राम सभा की गाटा संख्या 807, जो राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में दर्ज है, वहां दबंग किस्म के लोगों द्वारा लगातार निर्माण कार्य कराए जाने की शिकायत प्रशासन तक पहुंची है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी ज्योत्सना बंधु ने उप जिलाधिकारी भीटी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

प्रशासन को दी गई शिकायत में बताया गया है कि संबंधित भूमि पर कई दिनों से अवैध निर्माण कार्य चल रहा है। यह निर्माण बिना किसी वैध अनुमति के किया जा रहा है और ग्राम सभा की भूमि पर कब्जे का प्रयास बताया जा रहा है। शिकायत के आधार पर अपर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उप



**■ भीटी क्षेत्र के मिझोडा गांव में गाटा संख्या 807 पर निर्माण की शिकायत**

जिलाधिकारी को पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच करने को कहा है।

अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी भीटी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच के दौरान यदि अवैध निर्माण की पुष्टि होती है, तो नियमानुसार उसे ध्वस्त कराया जाए। साथ ही, दोषियों के खिलाफ राजस्व और विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन की ओर से यह भी कहा गया है कि ग्राम सभा की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जायजा: जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने प्रमुख मार्गों व ठहराव स्थलों का किया निरीक्षण

# श्रद्धालुओं की व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। प्रयागराज माघ मेला 2026 को दृष्टिगत रखते हुए जनपद प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने जनपद के उन प्रमुख मार्गों और स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया, जहां से होकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज माघ मेला के लिए आवागमन करते हैं। निरीक्षण का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और ठहराव से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना रहा। इसके उपरांत यादव नगर चौराहा, चनहा चौराहा (भीटी), महरुआ चौराहा (अकबरपुर) सहित अन्य प्रमुख मार्गों और स्थलों का निरीक्षण किया गया। इन स्थानों से होकर प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है। अधिकारियों ने यातायात





### ठहराव और बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने शिव बाबा धाम में श्रद्धालुओं के ठहराव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, पेयजल आपूर्ति और सुरक्षा प्रबंधों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि माघ मेला के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित की जाएं।

व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ठोस योजना बनाई जाए। माघ मेला के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए पुलिस बल की तैनाती और निगरानी को प्रभावी रखने पर जोर दिया गया।

### अलाव और मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था के निर्देश

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के आवागमन वाले सभी प्रमुख चौराहों, पड़ाव स्थलों और ठहराव केंद्रों पर अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ठंड से राहत मिल सके। साथ ही, स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए मोबाइल टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और मूलभूत सुविधाएं प्रशासन की प्राथमिकता हैं।

# निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, बिगड़ी हालत

तमसा संकेत, संवाददाता

**■ मरीज की मौत**

**■ परिजन बोले-दो सर्जरी एक साथ करने के बाद संक्रमण फैला, प्रशासन से जांच और एफआईआर की मांग**

अंबेडकरनगर। नगर के एक निजी अस्पताल पर गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। मृतक के पुत्र शुभम दुबे ने आरोप लगाया है कि उनके पिता का प्रोस्टेट और हर्निया का ऑपरेशन एक साथ किए जाने के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने इस पूरे मामले में प्रशासन से जांच, एफआईआर दर्ज कराने और संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शुभम दुबे के अनुसार, उनके पिता मर्चेंट नेवी में कार्यरत रह चुके थे और प्रोस्टेट व हर्निया की समस्या से पीड़ित थे। इलाज के लिए उन्हें नगर स्थित अभिनंदन शोभावती हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर विपिन वर्मा ने दोनों ऑपरेशन एक साथ करने की बात कही। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन से पहले संभावित जोखिमों को लेकर कई बार सवाल पूछे गए, लेकिन डॉक्टर ने किसी भी तरह की जटिलता से इनकार किया।

परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के लगभग दो घंटे बाद ही मरीज को सांस लेने में परेशानी, पैरों में सुन्नता और जलन की शिकायत शुरू हो गई। इस संबंध में अस्पताल प्रशासन को तत्काल जानकारी दी गई, लेकिन इसे सामान्य लक्षण बताते हुए चिंता न करने की बात कही गई।

सुबह होते ही मरीज की स्थिति और बिगड़ गई। सांस लेने में अधिक दिक्कत, दर्द और बेचैनी बढ़ने का आरोप लगाया गया है।

# सम्पादकीय

## जानलेवा जल, इंदौर में दूषित पेयजल से 14 लोगों की मौत



देश के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा रखने वाले इंदौर में दूषित पेयजल से 14 लोगों की मौत हो जाना बहुत ही आघातकारी और शर्मनाक घटना है। यह स्वच्छता के मानकों पर सवाल खड़े करने के साथ ही नगर निगम के नाकारापन को बयान करने वाली एक ऐसी घटना है, जो देश की छवि भी मलिन कर रही है। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल की आपूर्ति इसलिए जानलेवा साबित हुई, क्योंकि सीवर की गंदगी पीने की पाइपलाइन में चली गई और फिर वह घरों तक पहुंच गई।

यदि दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत पर तत्काल ध्यान दिया गया होता तो इस भयावह त्रासदी को रोका जा सकता था, लेकिन जैसा कि अपने देश में होता है, गंदी जलापूर्ति की शिकायतों पर तब तक ध्यान नहीं दिया गया, जब तक लोग मरने नहीं लगे। 14 लोगों की मौत और एक हजार से अधिक लोगों के बीमार होने और इनमें से सौ से ज्यादा लोगों के अस्पताल में भर्ती होने से यह सहज ही समझा जा सकता है कि कितने अधिक जहरीले जल की आपूर्ति हो रही थी।

यह आपूर्ति इंदौर के उस इलाके में हो रही थी, जो नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का निर्वाचन क्षेत्र है और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग उनके ही मंत्रालय के तहत आता है। जब मंत्री महोदय से इस हत्यारी लापरवाही पर सवाल किए गए तो उन्होंने संवेदनहीनता का परिचय देते हुए ऐसे सवालों को फोकट का बता दिया।

इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि चौतरफा आलोचना से घिरने के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने खेद जता दिया, क्योंकि उनकी वह संवेदनहीनता तो प्रकट हो ही गई, जो ऐसी घटनाओं का कारण बनती है। यह भी संतोषजनक नहीं कि इंदौर नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया, क्योंकि एक तो निलंबन कोई सजा नहीं और दूसरे, इसमें संदेह है कि ऐसे उपाय किए जा सकेंगे, जिससे फिर कभी दूषित जलापूर्ति न हो सके।

यह समझा जाए तो अच्छा कि स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति केवल इंदौर नगर निगम को ही सुनिश्चित नहीं करनी, क्योंकि देश में आम तौर पर पेयजल की गुणवत्ता संतोषप्रद नहीं। इसका प्रमाण यह है कि लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ आदि का सहारा लेना पड़ता है या फिर पीने का पानी खरीदना पड़ता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि एक ओर जहां पेयजल की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी होती है, वहीं दूसरी ओर और टूटी-फूटी पाइपलाइनों की सुधि मुश्किल से ही ली जाती है।

इसका परिणाम यह है महानगरों तक में गुणवत्ताहीन पेयजल की आपूर्ति होती है। इसके चलते प्रति वर्ष टाइफाइड, हेपेटाइटिस और हैजा जैसी जलजनित बीमारियों के लाखों मामले सामने आते हैं। यह तथ्य नीति आयोग के समग्र जल प्रबंधन सूचकांक का है कि भारत में सुरक्षित पेयजल के अभाव में हर साल लगभग दो लाख लोग जान गंवाते हैं।

# प्रदूषण नियंत्रण के बहाने जनता को सज़ा, वाहन निर्माताओं को इनाम



"पर्यावरण शोध, जागरूकता और पुरानी कारों को ईवी में बदलने के लिए कोई 'मुफ्त विनिमय नीति' या ठोस बजट प्रावधान नहीं है। सारा जोर केवल 'दंड' पर है।

साल 2025 विदा हो रहा है लेकिन दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों के करोड़ों मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए नया साल उम्मीद नहीं बल्कि वित्तीय बोझ, अनिश्चितता और नई चुनौतियाँ लेकर आ रहा है। दिल्ली समेत पूरे भारत में प्रदूषण नियंत्रण को वाजिब और कारगर तरीकों से रोकने में नाकाम सरकार अब जनता की कारों पर ठीकरा फोड़ रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर जो कठोर नीतियां लागू की हैं—चाहे वह बिना वैध PUCC के ईंधन न मिलना हो या बाहरी वाहनों के लिए केवल BS-VI का अनिवार्य प्रवेश—ये नीतियां सतही तौर पर पर्यावरण हितैषी लगती हैं लेकिन वास्तव में यह लाखों आम नागरिकों पर अन्यायपूर्ण दंड और वाहन निर्माता कंपनियों को दिया जा रहा अप्रत्यक्ष इनाम है।

ये नीतियाँ वैज्ञानिक समाधान कम और आम जनता की जेब पर 'सरकारी डकैती' अधिक जान पड़ती हैं। दिल्ली की हवा आज भी 'गंभीर' (Severe) श्रेणी में है लेकिन सरकार का पूरा जोर धूल और पराली की बजाय उन कारों को सड़कों से हटाने पर है, जो मध्यम वर्ग की जीवन भर की जमापूंजी से खरीदी गई हैं।

आँकड़ों का सच और मध्यम वर्ग पर मार

इन नीतियों का सीधा असर दिल्ली-एनसीआर के करोड़ों लोगों पर पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और मध्यप्रदेश समेत अनेक राज्यों के वे मध्यमवर्गीय परिवार, जिन्होंने कर्ज लेकर अपनी पहली कार का सपना संजोया था, उन्हें आज अपराधी की तरह देखा जा रहा है।

5 लाख से अधिक कारें अब तक स्क्रैप की जा चुकी हैं।

12 लाख बाहरी वाहनों का दिल्ली में प्रवेश वर्जित है क्योंकि वे BS-VI मानक के नहीं हैं।

30 लाख वाहन मालिक अगले कुछ महीनों में अपनी वैध - फिट गाड़ियों को खोने के कगार पर हो सकते हैं

एक कार पर औसतन 5 सदस्यों की निर्भरता के गणित से सीधे तौर पर डेढ़ करोड़ लोग पीड़ा में

'No PUCC, No Fuel' जैसे कठोर नियम और ANPR कैमरों के जरिए निगरानी ने सड़कों को जेल बना दिया

तकनीक का 'शॉर्टकट' या नियोजित साजिश?

दशकों पहले एक कार की औसत आयु 20-25 साल होती थी। आज तकनीक के विकास के साथ इसे लंबा होना चाहिए था लेकिन इसे घटाकर 10-15 साल कर दिया गया है। इसे तकनीकी जगत में 'Planned Obsolescence' (नियोजित अप्रचलन) कहा जाता है। यह कंपनियों के लिए मुनाफा बढ़ाने का तरीका है।

सबसे बड़ा विरोधाभास

आम जनता को जिन BS-IV और BS-V कारों को सरकार ने खुद ₹पर्यावरण-अनुकूल₹ बताकर बेचा था, आज उन्हें ही ₹प्रतिबंधित₹ क्यों किया जा रहा है? अगर ये कारें प्रदूषण फैला रही हैं,अगर तकनीक खराब थी, तो दोषी निर्माता कंपनियां होनी चाहिए थीं, न कि ग्राहक। तो क्या किसी कंपनी पर 'दोषपूर्ण तकनीक' के लिए कार्रवाई हुई? जवाब है—बिल्कुल नहीं। गलती ग्राहक की बताई जा रही है, कंपनी की नहीं लेकिन जुर्माना और जब्ती केवल ग्राहक की किस्मत में है।

वैश्विक उदाहरणः फिटनेस बनाम उम्र

दुनिया क्या कर रही है? हम कहाँ खड़े हैं? भारत दुनिया का अकेला ऐसा देश है जहाँ केवल 'आयु' (Age) के आधार पर फिटनेस तय होती है। दुनिया भर के विकसित देश निजी संपत्ति और नागरिक अधिकारों का सम्मान करते हैं:

अमेरिका और यूरोपः यहाँ 20-30 साल पुरानी कारें भी सड़कों पर दौड़ती हैं, बशर्ते वे वार्षिक 'एमिशन टेस्ट' पास करें। वहाँ नियम 'फिटनेस' पर है, 'उम्र' पर नहीं।

सिंगापुर और जर्मनीः यहाँ पुरानी कारों को सहेजने के लिए विशेष 'विंटेज' या 'क्लासिक' श्रेणी दी जाती है, न कि उन्हें हाइड्रोलिक प्रेस में डालकर कुचला जाता है।

भारत अकेला ऐसा देश है जहाँ केवल 'जन्म प्रमाण पत्र' के आधार पर फिट गाड़ी को कबाड़ घोषित किया जाता है।

यह अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और निजी संपत्ति के अधिकार का खुला उल्लंघन है।

भारत में सरकार 'फिटनेस टेस्ट' को पारदर्शी बनाने में विफल रही, इसलिए उसने सबसे आसान रास्ता चुना—गाड़ियों को ही खत्म कर देना।

झूठे निशानेः असली अपराधी कौन?

दिसंबर 2025 की ताज़ा रिपोर्ट्स और IIT कानपुर के अध्ययन (2015) से लेकर हालिया डेटा तक, सच यह है कि पेट्रोल कारों का प्रदूषण में योगदान मात्र 2% से 5% है। दिल्ली की हवा में असली ज़हर उद्योगों का धुआँ, सड़कों की उड़ती धूल (35-60%) और थर्मल पावर प्लांट की सल्फर डाइऑक्साइड (SO2) है। सरकार ने जुलाई 2025 में 78% कोयला संयंत्रों को प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाने से छूट दे दी लेकिन एक मध्यमवर्गीय व्यक्ति की 10 साल पुरानी डीजल कार उसे 'मौत का सौदागर' नजर आती है।

स्क्रैपिंग नीतिः आपदा में अवसर?

ईंधन स्टेशनों पर तेल देने से मना करना और बिना फिटनेस जाँच के गाड़ियाँ जब्त करना मौलिक अधिकारों का हनन है। सरकार कहती है इलेक्ट्रिक वाहन (EV) अपनाओ लेकिन सब्सिडी कम कर दी गई है।

**ओंकारेश्वर पांडेय**

### नीतिगत क्रूरता का अंत अनिवार्य

दिल्ली-एनसीआर की जनता अब इसे केवल पर्यावरण नीति नहीं, बल्कि 'वाहन माफिया' और 'सरकार' का गठजोड़ मान रही है। जब तक सड़कों से धूल नहीं हटेगी, जब तक सार्वजनिक परिवहन (मेट्रो और बसों) का जाल हर गली तक नहीं पहुँचेगा, तब तक निजी कारों पर प्रतिबंध केवल 'छलावा' है। मध्यम वर्ग वोट बैंक मात्र नहीं है. वह देश की रीढ़ है। अगर इस रीढ़ को बार-बार लोन और नई कारों के बोझ से तोड़ा गया तो 2026 का सूरज सरकार के लिए राजनीतिक रूप से अंधकारमय हो सकता है।

---

## स्त्रियों के स्वाभिमान की प्रेरणा पुंज - सावित्रीबाई फुले

समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करने वाले व्यक्तित्वों की परंपरा में कुछ नाम ऐसे होते हैं जिनका प्रभाव अपने समय से आगे तक जाता है। उनके विचार और कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए दीपस्तंभ बन जाते हैं। ऐसी ही महान समाज-सुधारक सावित्रीबाई फुले की 3 जनवरी को जयंती मनाई जाती है। वे न केवल भारत की प्रथम प्रशिक्षित महिला शिक्षिका थीं, बल्कि स्त्री शिक्षा, दलित उत्थान और सामाजिक न्याय के आंदोलन की सशक्त अग्रदूत भी थीं। उनके जीवन का प्रत्येक चरण संघर्ष, साहस और करुणा का उदाहरण है, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव में खन्दोजी नेवसे और माता लक्ष्मी के घर हुआ। उस दौर में बालिकाओं की शिक्षा की कल्पना भी अस्वीकार्य मानी जाती थी। 1840 में मात्र नौ वर्ष की आयु में उनका विवाह समाज-सुधारक ज्योतिबा फुले से हुआ। विवाह के समय वे निरक्षर थीं, किंतु उनके मन में शिक्षा की तीव्र जिज्ञासा थी। यह वह समय था जब जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता और स्त्री-विरोधी रूढ़ियां समाज में गहरे पैठी हुई थीं।

एक प्रसंग के अनुसार, एक दिन सावित्रीबाई किसी अंग्रेजी पुस्तक के पन्ने उलट रही थीं। यह देखकर उनके पिता ने पुस्तक छीनकर घर से बाहर फेंक दी क्योंकि उस समय शिक्षा को केवल उच्च जाति के पुरुषों का अधिकार माना जाता था। स्त्रियों और दलितों के लिए पढ़ना पाप समझा जाता था। इसी घटना ने सावित्रीबाई के भीतर शिक्षा प्राप्त करने का दृढ़ संकल्प जगा दिया। उन्होंने निश्चय किया कि चाहे कितनी भी बाधाएँ आएं, वे पढ़ना अवश्य सीखेंगी।

**डा. वीरेन्द्र भाटी मंगल**

---

उन्नाव की पीड़िता की...

बाबूलाल नागा

# उन्नाव रेप केसः न्याय, सत्ता और कानून की कसौटी पर सुप्रीम कोर्ट की दखल

देश के सबसे चर्चित और संवेदनशील आपराधिक मामलों में शामिल उन्नाव रेप केस एक बार फिर राष्ट्रीय बहस के केंद्र में है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाए जाने के बाद, जिसमें दोषी करार दिए जा चुके पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबित कर जमानत दी गई थी, यह मामला केवल एक व्यक्ति की रिहाई या कैद तक सीमित नहीं रह गया है। यह फैसला दरअसल न्याय प्रणाली, सामाजिक विश्वास और कानून की आत्मा की परीक्षा बन गया है।

उन्नाव की पीड़िता की कहानी केवल एक अपराध की दास्तान नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का आईना है जहां सत्ता, भय और दबाव के बीच न्याय की राह अत्यंत कठिन हो जाती है। एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार, उसके परिवार पर लगातार हमले, पीड़िता के पिता की हिरासत में संदिग्ध मौत और गवाहों को डराने की घटनाओं ने इस केस को सामाजिक-न्याय का प्रतीक बना दिया। ऐसे में जब किसी अदालत द्वारा दोषी को राहत दी जाती है तो सवाल केवल कानूनी नहीं बल्कि नैतिक और सामाजिक भी हो जाते हैं। इस मामले में दोषसिद्धि भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और पॉक्सो अधिनियम के तहत हुई थी। पॉक्सो कानून विशेष रूप से बच्चों



के यौन शोषण से सुरक्षा के लिए बनाया गया है और इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि यदि अपराध किसी प्रभावशाली व्यक्ति या लोक सेवक द्वारा किया जाए, तो उसे गंभीरतम श्रेणी में माना जाएगा।

यहीं से विवाद की जड़ शुरू होती है। दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह टिप्पणी की कि विधायक को पॉक्सो के संदर्भ में 'लोक सेवक' की परिभाषा में नहीं रखा जा सकता, और इसी आधार पर गंभीर आरोपों की धार कमजोर मानी गई। इस तकनीकी व्याख्या ने पूरे देश में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगाते हुए साफ किया कि यह कोई साधारण मामला नहीं है। अदालत ने कहा कि विधायक जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को 'लोक सेवक' मानने या न मानने का प्रश्न केवल शब्दों की व्याख्या नहीं बल्कि कानून की मंशा और समाज पर उसके प्रभाव से जुड़ा है। इसी कारण सर्वोच्च न्यायालय ने न केवल हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाई बल्कि दोषी को नोटिस जारी कर विस्तृत जवाब तलब किया।

कुलदीप सिंह सेंगर की संभावित रिहाई का विरोध केवल कानूनी दलीलों तक सीमित नहीं है। यह विरोध उस डर और अविश्वास से उपजा है, जो वर्षों से यौन हिंसा की शिकार महिलाओं और बच्चों के मन में घर कर चुका है। जब एक प्रभावशाली आरोपी को राहत मिलती है तो संदेश केवल पीड़िता तक नहीं जाता बल्कि समाज के हर उस व्यक्ति तक पहुंचता है, जो न्याय की उम्मीद लेकर थाने और अदालत का दरवाजा खटखटाता है।

महिला अधिकार संगठनों का कहना है कि ऐसे फैसले पीड़ितों का मनोबल तोड़ते हैं और भविष्य की पीड़िताओं को चुप रहने के लिए मजबूर करते हैं। उन्नाव केस में तो पीड़िता और उसके परिवार ने न्याय पाने के लिए असाधारण साहस दिखाया। ऐसे में दोषी को राहत देना उस संघर्ष को कमजोर करने जैसा प्रतीत होता है।

यह मामला इस सवाल को भी जन्म देता है कि क्या कानून की व्याख्या सत्ता-संपन्न व्यक्तियों के लिए अलग हो सकती है? लोकतंत्र में विधायक जनता का प्रतिनिधि होता है और संविधान उसे विशेष जिम्मेदारियां सौंपता है। यदि वही प्रतिनिधि कानून तोड़ता है, तो क्या उसे आम नागरिक से कम जवाबदेह माना जा सकता है?

सुप्रीम कोर्ट की रोक को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है। यह संदेश स्पष्ट है कि न्याय केवल तकनीकी खामियों से नहीं बल्कि कानून की भावना से संचालित होना चाहिए। पॉक्सो जैसे कानून का उद्देश्य बच्चों को भयमुक्त वातावरण देना है, न कि अपराधियों को व्याख्याओं के जाल से बाहर निकलने का रास्ता। उन्नाव केस ने यह भी उजागर किया है कि न्यायिक प्रक्रिया में जनता का भरोसा कितना नाजुक होता है। वर्षों की सुनवाई, संघर्ष और बलिदान के बाद यदि फैसले तकनीकी आधार पर पलटते दिखें तो आम नागरिक का विश्वास डगमगाना स्वाभाविक है।

---

सामाजिक...

जयसिंह रावत

# उत्तराखंड के लिए साल का अंत शर्मनाक और चिंताजनक रहा

विदाई की बेला में यह साल 2025 उत्तराखंड के माथे पर दो ऐसे गहरे और रिसते हुए जख्म छोड़ गया है जिनकी टीस आने वाले लंबे समय तक देवभूमि की फिजाओं में महसूस की जाएगी। शांत उत्तराखंड के लिए इस साल का अंत बेहद शर्मनाक और चिंताजनक रहा है। एक तरफ देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की नृशंस हत्या ने राज्य में पनप रही हिंसक मानसिकता और असुरक्षा को उजागर किया है तो दूसरी तरफ शांत पड़ चुके अंकिता भंडारी हत्याकांड में एक कथित वायरल ऑडियो ने उस 'वीआईपी' के सवाल को फिर से जिंदा कर दिया है जिसे व्यवस्था ने लगभग दफन कर दिया था। ये दोनों घटनाएं महज अपराध नहीं हैं बल्कि ये उस सामाजिक और प्रशासनिक क्षरण का प्रमाण हैं जो धीरे-धीरे इस पहाड़ी राज्य की जड़ों को खोखला कर रहा है।

उत्तराखंड में मजहबी वैमनस्य तो एक सुनियोजित एजेंडे के तहत काफी पहले से फैलाया जा रहा था लेकिन साल के अंत में हुई इस नृशंस हत्या ने उसे 'नस्ली हिंसा' का एक भयावह रूप दे दिया है जिसने न केवल राज्य की कानून-व्यवस्था बल्कि इसकी 'अतिथि देवो भवः' वाली सांस्कृतिक पहचान को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। देहरादून जिसे देश भर में शिक्षा के हब के रूप में जाना जाता है और जहाँ पूर्वोत्तर भारत से लेकर देश के हर कोने से छात्र अपना भविष्य संवारने आते हैं, वहां त्रिपुरा के 24 वर्षीय छात्र एंजेल चकमा की हत्या ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया है। यह घटना इसलिए और भी गंभीर हो जाती है क्योंकि इसके तार उस नफरती माहौल से जुड़ते दिख रहे हैं जो बीते कुछ समय से राज्य में बनाया जा रहा था हालांकि उत्तराखंड पुलिस और प्रशासन ने त्रिपुरा के छात्र की हत्या को 'नस्ली हत्या' मानने से



साफ इनकार कर दिया है। पुलिस का आधिकारिक बयान इसे दो पक्षों के बीच का तात्कालिक विवाद और सामान्य अपराध बता रहा है। सरकार भी अपनी पूरी मशीनरी के साथ देवभूमि के दामन पर लगे इस बदनुमा दाग को धोने के प्रयास में जुटी है ताकि राष्ट्रीय स्तर पर राज्य की छवि धूमिल न हो लेकिन धरातल की सच्चाई और विपक्षी दलों के आरोप एक अलग ही कहानी बयां करते हैं।

सामाजिक विश्लेषकों और विपक्ष का स्पष्ट मानना है कि यह हत्या अचानक नहीं हुई, बल्कि यह उस 'इम्युनिटी' यानी दंड के भय से मुक्ति का परिणाम है जो पिछले कुछ वर्षों में उपद्रवियों को मिली है। पुरोला से लेकर कोटद्वार, सतपुली, गौचर और अगस्तमुनि तक—बीते समय में राज्य के अलग-अलग हिस्सों में जिस तरह सुनियोजित रूप से एक खास वर्ग की दुकानों को निशाना बनाया गया, तोड़फोड़ की गई और खुलेआम धमकियां दी गईं, उसने अराजक तत्वों के हौसले बुलंद किए हैं। चिंताजनक बात यह रही कि इन स्थानों पर बलवा करने वालों, नफरत फैलाने वालों और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कोई ऐसी सख्त और नजीर बनने वाली कार्यवाही नहीं हुई, जो भविष्य के लिए सबक बन सकती।

---

## जरा हटके

यहाँ मुस्लिम आबादी...

रामस्वरूप रावतसरे

# क्या पश्चिम बंगाल में राजनीतिक से बढ़कर संस्कृति को बचाने की लड़ाई है!

बंगाल से लगातार हो रहे घुसपैठ और उसकी वजह से हो रहा डेमोग्राफी बदलाव देश के लिए खतरनाक है। बंगाल की संस्कृति और उसकी पहचान को इससे खतरा पैदा हो गया है। राजनीतिक संरक्षण में हो रहा ये घुसपैठ बंगाल चुनाव के लिए ही अहम नहीं है, बल्कि इससे देश की सुरक्षा, संप्रभुत्ता जुड़ी हुई है। इसलिए भाजपा नेता बीएल संतोष ने देश को बचाने के लिए बंगाल चुनाव को जीतने पर बल दिया है।

भाजपा नेता बीएल संतोष के अनुसार हमारे लिए बंगाल सिर्फ सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि एक सभ्यता को बचाने की लड़ाई है। उनका मानना है कि भारत को बचाने के लिए बंगाल को बचाना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल में डेमोग्राफी बदलावों को रोकना और हर हाल में सरकार बनाना उनका लक्ष्य है, जिसे वे भारत के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं।

बीएल संतोष बंगाल चुनाव को सियासी लड़ाई से बढ़कर बंगाल की संस्कृति और पहचान को बचाने की लड़ाई से जोडकर देखते हैं। बंगाल में लगातार हिन्दुओं का पलायन हो रहा है। यहाँ कट्टरपंथियों द्वारा हिन्दु त्यौहारों का कई बार विरोध किया गया। कई बार दुर्गापूजा विसर्जन और मुहर्रम के जुलूस एक दिन होने पर विसर्जन की तारीख बदल दी गई।

प्रशासन ने दुर्गापूजा उत्सव को कैंसिल कर दिया। यही हाल राम नवमी जुलूस पर भी रहा। कई जगहों पर हिंसा और झड़पें हुई। होली- दिवाली जैसे पर्व मनाने के दौरान भी कई बार विवाद हुए। मार्च 2025 में बसंत उत्सव के दौरान शांतिनिकेतन के सोनाझुरी हाट में पर्यावरण संरक्षण का हवाला देते हुए होली समारोह पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस पर काफी बवाल भी हुआ।

बंगाल में 2011 की जनगणना के मुताबिक, पूरे देश



में हिन्दू आबादी घटी है। ये करीब 0.7 फीसदी कम हुई है जबकि पश्चिम बंगाल में हिन्दू आबादी 1.94 फीसदी घटी है। यहाँ मुस्लिम आबादी में 0.8 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। ये तो 2011 के आंकड़े हैं। इससे पता चलता है कि राज्य में मुस्लिम की तुलना में हिन्दुओं की संख्या तेजी से घट रही है। इस बीच लगातार घुसपैठ बढ़ी है। ये घुसपैठिए बंगाल के गाँव में घुस कर अपनी पैठ जमा लेते हैं। धीरे धीरे टीएमसी के संरक्षण में पहचान पत्र प्राप्त कर लेते हैं और भारत का नागरिक बन जाते हैं। यही वजह है कि बंगाल में 2001 में मुस्लिम आबादी 25 फीसदी थी, जो 2011 में बढ़कर 27 फीसदी के पार जा चुकी थी। बंगाल की 9.5 करोड़ की आबादी में करीब 2.5 करोड़ मुस्लिम हैं। ये दर्शाता है कि घुसपैठ कितना बड़ा सिरदर्द है।

दरअसल पश्चिम बंगाल में एक घुसपैठिए एक वोटर की तरह है। बांग्ला भाषी होने की वजह से गाँव गाँव में फैले होते हैं। ये लोग पूरे बंगाल में मौजूद हैं लेकिन बांग्लादेश से सटे मालदा, मुर्शिदाबाद, उत्तर दिनाजपुर जैसे इलाकों में इनकी संख्या 50 फीसदी तक पहुँच चुकी है। इसके अलावा उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना क्षेत्र में इसकी संख्या और ज्यादा है। मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास कर चुके पूर्व टीएमसी विधायक हुमायूँ कबीर के मुताबिक मुर्शिदाबाद में 70 फीसदी मुस्लिम आबादी है। जानकारों के अनुसार यह कोई इत्तफाक से नहीं है बल्कि राजनीतिक संरक्षण में किया गया एक सुनियोजित और व्यवस्थित बदलाव है।

# चंचलता कब समाप्त होगी

अपना-अपना कहते -कहते ना जाने कब पराये हो जातें हैं । वह इस संसार समुद्र में डुबती हुई संवेदनशील किश्ती को भला कोई बिना धर्म के कैसे निकालें । योग में श्वास का विशेष महत्व है ।

श्वास आधारित अनुलोम-विलोम जैसे प्राणायाम न केवल शरीर को ऊर्जा देते हैं बल्कि मन को भी एकाग्र करते हैं। यह अनुभव सिद्ध है कि जब श्वास लंबी, गहरी और संतुलित होती है , तब विचारों की चंचलता स्वतः ही शांत हो जाती है। दरअसल श्वास ही वह सेतु है, जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का हेतु है । जो श्वास पर अधिकार रखता है वह जीवन की हर चुनौती का सामना किसी न किसी प्रकार से कर सकता है । पतंजलि योग सूत्र कहता है जहाँ श्वास स्थिर हैं वहीं चित्त भी थिर हो जाता है।

एक बहुत मनोरंजक प्रश्न गौतम ने पूछा भगवान् महावीर से - भंते ! जो वीतराग बन गया , अप्रमत्त और अकषाय बन गया , सर्वज्ञ बन गया , सब कुछ जानता हैं, उस केवली ने एक हाथ रखा, आंगन पर । क्या दूसरी बार उसी स्थान पर वह अपना हाथ रख सकता हैं? भगवान् ने कहा नहीं । बड़ी अजीब बात हैं जो आंगन के कण - कण को जानता हैं , अणु- अणु को जानता हैं, केवली से अपने हाथ का एक भी अणु छिपा नहीं है , पहली बार हाथ रखा, दूसरी बार उसी स्थान पर हाथ नहीं रख सकता? कितना अजीब प्रश्न हैं । कितना अजीब उत्तर दिया भगवान् ने - नहीं रख सकता । बात समझ में नहीं आई । गौतम ने फिर पूछा भंते! यह कैसे ? केवली कैसे नहीं रख सकता? एक छद्मस्थ हैं, असर्वज्ञ हैं, अवितराग हैं, जिसमें कषाय हैं, प्रमाद हैं, भूल कर सकता हैं, विस्मृति हो सकती हैं, अज्ञान के कारण उस स्थान का ठीक पता नहीं लगा सकता , पर केवली कैसे नहीं रख सकता ? भगवान् महावीर ने उत्तर दिया - वह जानता तो हैं, पर चंचलता अभी तक समाप्त नहीं हुई है । शरीर मौजूद हैं । जब तक यह शरीर हैं, शरीर की सूक्ष्मतम क्रियाएं हैं, तब तक चंचलता हैं । शरीर की चंचलता समाप्त नहीं हुई, इसलिए केवली सब कुछ जानता हुआ भी दूसरी बार उसी स्थान पर हाथ नहीं रख सकता हैं । अतः हमारी चंचलता अंतिम समय तक रहती हैं ।

**> प्रदीप छाजेड़**

# 16 शव पहुंचे, 3 डॉक्टरों की ड्यूटी, दोपहर तक सिर्फ 1 पहुंचे, सीएमओ से बोले- सॉरी सर

# कानपुर पोस्टमॉर्टम हाउस में शवों की लग गई लाइन

**हंगामा**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर पोस्टमॉर्टम हाउस पर शुक्रवार को लाशों की लाइन लग गई। परिजन पोस्टमॉर्टम के इंतजाम में घंटों बैठे रहे। इधर-उधर दौड़ते रहे। लेकिन, डॉक्टर ही नहीं पहुंचे तो पोस्टमॉर्टम कैसे हो।

शुक्रवार सुबह 10 बजे से तीन डॉक्टरों की ड्यूटी थी। मगर, सिर्फ एक डॉक्टर पहुंच सकीं। बाकी दो डॉक्टर दोपहर 2 बजे तक पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे ही नहीं। पोस्टमॉर्टम हाउस में 16



शव पहुंच चुके थे। कोई सुनवाई न होने पर परिजनों ने हंगामा किया। इसी बीच किसी ने CMO से फोन पर शिकायत कर दी। CMO ने भी फोन पोस्टमॉर्टम हाउस के प्रभारी को लगा दिया। वजह पूछी तो प्रभारी ने बताया, 'साहब डॉक्टर ही नहीं आए।' CMO ने ड्यूटी के बावजूद दोपहर 2 बजे तक न पहुंचने वाले दो डॉक्टरों को फोन किया। डॉक्टरों ने कहा- सॉरी सर, थोड़ी देर में पहुंच रहे हैं। पीड़ित परिजन अपने-अपने शवों के इंतजार में घंटों ठंड में ठिठुरते रहे।

### सीएमओ ने दो डॉक्टरों को फटकारा, बोले- सॉरी सर

इधर-उधर भटक रहे परेशान परिजनों ने CMO डॉ. हरिदत्त नेमी से फोन कर शिकायत की। इस पर उन्होंने पोस्टमॉर्टम हाउस प्रभारी से फोन किया। समस्या का कारण पूछा तो प्रभारी ने बताया कि डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं आए हैं। वे फोन भी नहीं उठा रहे हैं।

### ये डॉक्टर समय पर नहीं आए




शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम हाउस में घाटमपुर सीएचसी में तैनात डॉ. चित्रा, उर्सला में तैनात डॉ. आशीष और डॉ. मुन्नालाल की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन, ड्यूटी पर सिर्फ डॉ. चित्रा समय पर पहुंचीं। डॉ. मुन्नालाल सीएमओ की फटकार के बाद दोपहर 2.05 बजे बजे पहुंचे। डॉ. आशीष 2 बजे तक भी नहीं पहुंचे।

### पोस्टमॉर्टम हाउस में 16 डेडबॉडी पहुंचीं, डॉक्टर सिर्फ 1 रहे



बात दें कि भीषण ठंड में अलग–अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों और अन्य कारणों से हुई मौतों के बाद पोस्टमॉर्टम हाउस में शुक्रवार सुबह से भीड़ जुटने लगी। दोपहर 2 बजे तक कोतवाली, साढ़, सजेती, छावनी, बाबूपुरवा, कर्नलगंज, चौबेपुर, महाराजपुर, स्वरूप नगर थाना क्षेत्रों से 16 शव पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे।

चकेरी के मृतक प्रशांत के ताऊ जयकरन ने कहा- घंटों से यहां इंतजार कर रहे हैं। कोई कुछ बता नहीं रहा। किसी स्टाफ से कुछ पूछो तो सब इधर-उधर टरकाते रहे। बिठूर के मृतक रोहित त्रिपाठी के बहनोई अरुण ने कहा- कब पोस्टमॉर्टम होगा, कोई बता नहीं रहा। किसी भी स्टाफ से पूछो तो मुंह फेर ले रहें। मजबूरन CMO को हम लोगों ने फोन किया।

# बिजनौर में ट्रक-बाइक की टक्कर से युवक की मौत

तमसा संकेत, संवाददाता



■ हादसे में दो गंभीर रूप से घायल उपचार के लिए भर्ती हालत गंभीर

बिजनौर । कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में गुरूवार की रात एक सड़क हादसा हुआ है। बनवारीपुर के पास गन्ने से भरे एक ट्रक और बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। यह घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के बनवारीपुर के पास हुई। बिजनौर की ओर से आ रहा गन्ने से भरा एक ट्रक कोतवाली की दिशा में जा रहा था। बनवारीपुर के पास पहुंचते ही ट्रक का टायर फट गया, जिससे वह अनियंत्रित हो गया। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक पर सवार तीन युवक अनियंत्रित ट्रक से जा टकराए। हादसे में बाइक सवार फरहान (लगभग 16 वर्ष), पुत्र इरशाद, की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार दो अन्य युवक घायल बताए जा रहे हैं।

थाना प्रभारी प्रवेश कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि ट्रक का टायर फटने से वह अनियंत्रित हो गया था। उन्होंने बताया कि बाइक पर सवार तीनों युवक एक कार को ओवरटेक करते हुए अनियंत्रित ट्रक से जा भिड़े। पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घायल दोनों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से एक की हालत सामान्य है, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### 18 करोड़ की शराब पी गए लोग

आगरा । आगरा नव वर्ष के मौके पर जश्न में डूबा रहा। इस दौरान नए साल के जश्न में शराब के शौकीनों ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 72 घंटे में शौकीन 18 करोड़ रुपए की शराब पी गए हैं। सबसे अधिक शराब की बिक्री 31 दिसंबर को साढ़े सात करोड़ रुपए की हुई है। पिछले वर्ष के मुताबिक इस बार लगभग 4 करोड अधिक की शराब बिकी है। शराब की बिक्री के आंकड़े अंग्रेजी शराब और बियर को मिलाकर 65 प्रतिशत बिक्री हुई है।

### वेतन मांगने पर टॉयलेट में बंद कर कपडे उतारकर पीटा

आगरा । आगरा में एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी को वेतन मांगने पर बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया। कर्मचारी को टॉयलेट में बंधक बना रखा गया। आरोप है कि पीड़ित के कपड़े उतरवाकर डंडों और बेल्ट से मारपीट की गई। मारते मारते कई डंडे टूट गए। जिससे उसके शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान बन गए। उसका एक हाथ और पैर नीला हो गया है। मारने के बाद मैनेजर ने धमकी दी कि वेतन भूल जाओ, यहां काम कराने वालों का यही अंजाम होता है। आगे से मांगेगों तो जान से मार दूंगा।

### चांदी लूट स्क्रैप करने वाले बदमाशों से पुलिस का एनकाउंटर

आगरा । आगरा में गुरुवार देर रात पुलिस और चांदी स्क्रैप लूट में शामिल बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई महताब बाग के पास मुठभेड़ के बाद तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में अभियुक्त बबलू उर्फ बिल्ला यादव पुत्र मनोज यादव निवासी नुनिहाई थाना एत्माद्दौला आगरा तथा नितिन पुत्र कोमल सिंह निवासी प्रकाश नगर थाना एत्माद्दौला आगरा गोली लगने से घायल हुए हैं।

# फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश



तमसा संकेत, संवाददाता

महोबा । पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

# बीजेपी विधायक को मीटिंग में हार्टअटैक

**शोक**

## डॉ. श्याम बिहारी मंत्री के साथ सर्किट हाउस में थे, कल बर्थडे मनाया था

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली । यूपी के बरेली में शुक्रवार को भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल की मौत हो गई। उन्होंने गुरुवार, एक जनवरी को अपना 60वां जन्मदिन मनाया था।

दरअसल, सर्किट हाउस में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह मीटिंग ले रहे थे। मीटिंग में फरीदपुर सीट से विधायक श्याम बिहारी लाल भी शामिल थे। दोपहर करीब सवा 2 बजे अचानक विधायक की तबीयत बिगड़ गई। मीटिंग में अफरा-तफरी मच गई। विधायक को उनके सहयोगियों ने तत्काल मेडिसिटी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां विधायक को वेंटिलेटर पर रखा गया। लेकिन उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई और करीब 3 बजे मौत हो गई।

डॉ. श्याम बिहारी लाल बरेली में सुरक्षित फरीदपुर विधानसभा सीट से




दूसरी बार चुनाव जीतकर विधायक बने थे। परिवार में पत्नी मंजू लता, एक बेटा और दो बेटियां हैं।

वन मंत्री डॉ अरुण कुमार ने बताया- हम लोग साथ-साथ मीटिंग कर रहे थे। अचानक से डॉ श्याम बिहारी को हार्ट अटैक आ गया है। बहुत दुखद खबर है। बहुत बड़ी क्षति है। श्याम बिहारी लाल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया था- राजनीति में आने की प्रेरणा मुझे अपने बचपन के परिवेश से मिली। मैं पिछड़े परिवार से आता हूं और खुद को हाशिए का व्यक्ति मानता हूं। मेरा हमेशा से लक्ष्य था कि मुझे कोई निर्वाचन क्षेत्र मिले ताकि मैं दबे-कुचले लोगों के लिए काम कर सकूं।

### पेशे से प्रोफेसर थे श्याम बिहारी

विधायक श्याम बिहारी लाल का जन्म 1 जनवरी 1966 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में हुआ था। उनके पिता का नाम राधेश्याम था। श्याम बिहारी लाल पोस्ट ग्रेजुएट थे। वे पेशे से प्रोफेसर थे। वर्तमान में वे बरेली की महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड यूनिवर्सिटी में प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष थे। इसके अलावा वे पांचाल संग्रहालय के निदेशक भी थे और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, नोएडा के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य थे।

### पार्टी के लिए बहुत बड़ी क्षति- सांसद छत्रपाल गंगवार

भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने बताया- आज हम लोगों की सर्किट हाउस में मीटिंग थी। मीटिंग में मंत्री धर्मपाल सिंह, वन मंत्री डॉ अरुण , विधायक, सांसद, ब्लॉक प्रमुख सहित जिले के अधिकारी मौजूद थे। बहुत अच्छे माहौल में वहां पर मीटिंग हुई। मीटिंग के बाद मंत्री जी की तरफ से प्रीतिभोज था। उसमें सभी को निमंत्रण था। डॉ, श्याम विहारी भी थे। बहुत हंसी मजाक चल रहा था। तभी अचानक से डॉ, श्याम विहारी को हार्ट अटैक आ गया।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जताया शोक

भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने बताया- राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शोक संदेश भेजा है। उन्होंने बताया विधायक की बेटी मुंबई में है, बेटा दिल्ली में है और एक बेटी कैंटोनमेंट बोर्ड बरेली में अधिकारी है। विधायक जी रुहेल खंड यूनिवर्सिटी में इतिहास विभाग के HOD थे। पार्टी के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

# कार्यक्रमों का आयोजन

## सांस्कृतिक चेतना और आपसी सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला

तमसा संकेत, संवाददाता

झाँसी। इलाइट चौराहे के समीप स्थित डिओन होटल में नववर्ष की पूर्वसंध्या पर मणिकर्णिका वुमेंस क्लब द्वारा भव्य एवं गरिमामय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं की रचनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना और आपसी सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसिडेंट ओमनी राय, वाइस प्रेसिडेंट नूपुर अग्रवाल, ट्रेज़रर तमन्ना राय तथा सेक्रेटरी संयुक्ता शर्मा की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सुसंगठित एवं आकर्षक बनाने में प्रोग्राम डायरेक्टर सिमरत जिज्ञासी एवं ज्योत्सना शर्मा की विशेष भूमिका रही।

क्लब की सीनियर मेंबर्स अंजली अग्रवाल, रचना कुदरिया, दर्शनां सोनी एवं दीप्ति सोनी ने अपने अनुभव और मार्गदर्शन से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।



सांस्कृतिक रंगों, मुस्कानों और आपसी आत्मीयता से सजा यह आयोजन नववर्ष के स्वागत का एक सार्थक, प्रेरणादायी और यादगार पर्व बनकर सभी के मन में बस गया।

इसके साथ ही नेहा लिटोरिया, अंकिता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, डॉ. फेरी चंदेल, हीना कर्णानी, पूनम गुप्ता, सरिता अग्रवाल, श्वेता जैन, कविता पारिचा, मयरा, नीलम, प्रेरणा सहवानी, कविता पांडेय, पूजा अग्रवाल, प्रगति सेठ, रीना राय, प्रीति बाजपेई, संचिता अग्रवाल, प्रियंसी, रूपम शर्मा, रचना गुर्जर, स्वालेहा खान, प्रीति साहू, कमलेश, शालिनी प्रदाकर, तनु अग्रवाल, टीना अग्रवाल एवं याशी कामरिया सहित अनेक सदस्यों की सहभागिता से आयोजन और भी जीवंत हो उठा।

### बिजनौर में 12 गांवों में 14 घंटे से बिजली गुल

बिजनौर। जनपद बिजनौर के मंडावर थाना क्षेत्र में फाजलपुर फीडर से जुड़े एक दर्जन से अधिक गांवों में पिछले 14 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। फाल्ट के कारण यह स्थिति बनी है, जिससे ग्रामीण, दुकानदार और किसान परेशान हैं। बिजली विभाग ने जल्द आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया है। स्थानीय दुकानदारों के प्रतिष्ठान बंद हो गए हैं, और उनके इनवर्टर व बैटरी भी डिस्चार्ज हो गए हैं। किसानों को सिंचाई के लिए बिजली की आवश्यकता है, लेकिन उनके ट्यूबवेल ठप पड़े हैं। नारायणपुर के ग्राम प्रधान पति साजिद अहमद ने बताया कि नारायणपुर, सैफपुर खादर, मोहिद्दीनपुर, फजलपुर, बिलासपुर, भोजपुर, फतेहपुर, मिर्ज़ापुर और जंगीरपुर सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में बिजली गुल है। साजिद अहमद ने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे चंदोक क्रॉसिंग पर लाइन खराब हो गई है।

# सार्वजनिक चर्चा ! चक्का वाहनों का प्रतिदिन आवागमन

## आश्चर्य ! सड़क सुरक्षा पर सवाल, कैसे हो सुलभ आवागमन ?

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी । सड़क सुरक्षा एक ऐसा विषय या समस्या जिस पर घ्यान देना अति आवश्यक , जिस पर अक्सर सार्वजनिक चर्चा होती रहती हैं । चर्चा इसलियें कि जो वाहन चालकों और पैदल यात्रियों से लेकर साइकिल चालकों और यात्रियों तक, सभी सड़क उपयोगकर्ताओं को प्रभावित करता है। सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में सभी को जागरूक रहना चाहियें। आवश्यक रहें , एक स्थान से दूसरें स्थान के लियें हम सभी लियें सुगम आवागमन रास्ता तैयार हो । सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करने का मामला नहीं है; यह एक साझा ज़िम्मेदारी है जिसके लिए सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच सहयोग, सतर्कता और सम्मान की आवश्यकता होती है। परन्तु बिडम्बना देखें कि जनपद के नगरपंचायत रामनगर में 30 नवम्बर 25 के दिन में सड़क की पटरी शाक विक्रेता का कब्जा , पास सब्जी कैरेट लगा रखी हैं । हैरत की बात ! नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने यह फैसला दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक कदम उठाया , इससे न केवल रिंग रोड के किनारे बसे गांवों के लोगों को फायदा होगा बल्कि लंबा चक्कर काटने से भी निजात मिलेगी। जी हा ! ऐसा यदि सीतापुर से आयोध्या जाना हो तो सिधौली , फतेहपुर रामनगर व टिकैतनगर भेलसर एक रिंग रोड की तरह कार्य कर रही , इस रास्ते पर 10 टायरा 16 टायरा चक्का वाहनों का प्रतिदिन आवागमन रहता है । ऐसी अनदेखी ! जिम्मेदारों पर उठे सवाल! यदि समय रहते इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। वहीं सड़को पे लोगों को पैदल निकलना व्यापक स्थान / समय अंतराल पर सम्भावित घटना प्रतीत हो रहा है ।

**चाक-चौबंद : वृन्दावन में उमड़ी आस्था की सैलाब- श्री बांके बिहारी जी के दर्शन को पहुंचे लाखों भक्त**

# ब्रज में आस्था और भव्यता के साथ नव वर्ष 2026 का हुआ स्वागत

■ जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने निरंतर भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। वर्ष 2026 की पहली भोर ब्रज मंडल में अटूट आस्था, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम लेकर आई। कान्हा की नगरी मथुरा-वृन्दावन की कुंज गलियों तक, नए साल का स्वागत 'अतिथि देवो भवः' और 'राधे-राधे' के उद्घोष के साथ हुआ। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष दिशा-निर्देशों के अनुरूप, जिला प्रशासन ने



श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ के लिए ऐसी चाक-चौबंद व्यवस्था की कि लाखों लोगों ने बिना किसी बाधा के इस पावन उत्सव को मनाया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने श्री बांके बिहारी जी मंदिर तथा आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण कर देखी श्रद्धालुओं हेतु की गई विभिन्न व्यवस्थाएं। यातायात को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा जगह जगह पर बैरियर एवं बैरिकेड लगाए गए। सभी प्रकार के गुप्त रास्तों पर पुलिस की तैनाती की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए व्ययस्थाएं सुनिश्चित की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगह जगह पर एम्बुलेंस तथा चिकित्सकों की टीम तैनात की गई। अग्निशमन विभाग द्वारा नियमित दूरी में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। वृंदावन में 2 जोनल तथा 7 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई तथा उनके साथी पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई।

**सुरक्षा इंतजामों ने जीता श्रद्धालुओं और पर्यटकों का दिल**

### वृन्दावन में भक्ति की बयार

आध्यात्मिक नगरी वृन्दावन में नव वर्ष का स्वागत शंखनाद और घंटे- घड़ियालों की गूंज के साथ हुआ। ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मंदिर में श्रद्धालुओं को सुदृढ़ सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई आदि की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की गई। वृन्दावन के सप्त देवालयों श्री राधावल्लभ, श्री राधारमण और श्री राधा दामोदर मंदिर सहित अन्य मठ-आश्रमों में भोर से ही 'जय श्री कृष्ण' और 'राधे- राधे' के जयकारे गूँजने लगे।

### मथुरा और बरसाना में उमड़ा आस्था का सैलाब

मथुरा के द्वारिकाधीश मंदिर में राजाधिराज के दर्शन के लिए यमुना पूजन के बाद भक्तों की कतारें विश्राम घाट तक पहुँच गईं। वहीं, श्रीकृष्ण जन्मभूमि में सुरक्षा के कड़े घेरे के बीच तीनों प्रवेश द्वारों से भक्तों का सुगम प्रवेश सुनिश्चित किया गया। उधर, बरसाना की श्री लाडली जी (श्री राधा-रानी जी) के मंदिर में भोर से ही मधुर भजनों, मंजीरों की झंकार और ढोलक की थाप पर भक्त झूमते नजर आए। पूरे कस्बे में 'राधा-राधा' की गूँज ने माहौल को पूरी तरह भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

# वीरेंद्र कुमार का नववर्ष पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय का दौरा

तमसा संकेत, संवाददाता

झाँसी। नववर्ष के शुभ अवसर पर माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय का शिष्टाचार दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिरुद्ध कुमार से सौहार्दपूर्ण भेंट कर अपने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों के समग्र एवं सतत विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान माननीय मंत्री महोदय ने विशेष रूप से टीकमगढ़, छतरपुर, ओरछा , खरगापुर, निवाड़ी एवं ईशानगर रेलवे स्टेशनों पर आधुनिकतम यात्री सुविधाओं के विकास पर बल दिया। उन्होंने यात्री सुविधा उन्नयन, स्वच्छता, सुगम आवागमन, सूचना प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण तथा दिव्यांगजनों के अनुकूल अवसंरचना के विस्तार जैसे



मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिरुद्ध कुमार ने मंत्री महोदय को मंडल में चल रही एवं प्रस्तावित विकासात्मक परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया तथा आश्वस्त किया कि प्राथमिकता के आधार पर यात्री सुविधाओं का उन्नयन सुनिश्चित किया जाएगा।

पहलुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। माननीय मंत्री ने यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं गुणवत्ता-पूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु रेलवे द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। इस अवसर पर माननीय कैबिनेट मंत्री जी के साथ श्री विवेक चतुर्वेदी तथा मंडल रेल प्रबंधक महोदय के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमन वर्मा तथा वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (ईस्ट) श्री आयुष श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

नववर्ष के इस सौहार्दपूर्ण संवाद से क्षेत्रीय रेलवे अवसंरचना के विकास को नई दिशा मिलने की अपेक्षा है।

## मेरठ में थाने पहुंचा पति, इंस्पेक्टर के सामने फूट-फूटकर रोया, सोनू ने शादाब जकाती पर गंभीर आरोप लगाए

# 'शादाब जकाती संग रहती है पत्नी, मुझे जान का खतरा'

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ । यूपी में मेरठ के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शादाब जकाती एक बार फिर विवादों में हैं। इस बार शादाब साथ काम करने वाली महिला कलाकार इरम की वजह से मुश्किलों में हैं। इरम के पति खुर्शीद उर्फ सोनू ने शादाब जकाती पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

सोनू गुरुवार को इंचौली थाने पहुंचे और छाती पीट-पीटकर रोने लगे। पुलिस के सामने शादाब और इरम को लेकर बड़े-बड़े दावे किए। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी ज्यादा वक्त शादाब के साथ बिताती है। दोनों कई-कई दिन साथ रहते हैं।



यह रील शादाब जकाती ने लखनऊ में बनाई थी। इसमें वह इरम को साइकिल पर बैठाकर ले जा रहे हैं।

दोनों मिलकर मुझे मारना चाहते हैं। इसलिए पुलिस मेरी मदद करे।

'10 वाला बिस्कुट कितने का है जी' REEL से फेमस हुए शादाब हाल ही में अपनी नाबालिग बेटी के साथ वीडियो बनाकर बुरे फंस गए थे। शादाब बेटी के साथ कव्वाली गाते नजर आ रहे थे। 'दो घूंट पिला दे साकिया...' पर शराबियों की तरह एक्टिंग और डांस कर रहे थे।

### पत्नी बोली- पति मारपीट करता था, तलाक दे चुका

इस पूरे मामले को लेकर इरम ने बात की। उन्होंने कहा- शादाब पर लगाए गए सभी आरोप झूठे और निराधार हैं। मैं शादाब के साथ काम करती हूं, जिससे मिलने वाले पैसों से मैं अपने बच्चों का पेट पाल रही हूं। काम के लिए अपनी मर्जी से शादाब के साथ जाती हूं। पति खुर्शीद मेरे साथ मारपीट करता था। वह मुझे पहले ही तलाक दे चुका है। मैंने इंचौली थाने में उसकी शिकायत भी की है।




इरम का पति खुर्शीद गुरुवार को थाने पहुंचा। छाती पीट-पीटकर पुलिस वालों से सुरक्षा की गुहार लगाने लगा।

इससे पहले पिछले साल नवंबर में अभद्र REEL को लेकर भाजपा नेता राहुल ठाकुर ने शादाब जकाती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया था। हालांकि, उन्हें जमानत मिल गई थी, जिससे वो जेल जाने से बच गए थे।

मेरठ पुलिस के मुताबिक, खुर्शीद उर्फ सोनू इंचौली में रहता है। वह टायर रिपेयरिंग का काम करता है। उसे हार्ट की गंभीर बीमारी है। उसका कहना है कि जब मैं केस कराने की बात करता हूं तो जकाती और मेरी पत्नी रुपए की धौंस दिखाते हैं। कहते हैं कि कोर्ट खरीद लूंगा, पुलिस वालों को खरीद लूंगा। तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। सोनू का आरोप है कि इरम बुधवार को शादाब के साथ देहरादून जा रही थी। उसने अपनी बीमारी का हवाला देते हुए पत्नी को जाने से मना किया तो उसने कहा कि तू मर जा। सोनू ने दावा किया कि पत्नी शादाब के कहने पर ही मेरे साथ ऐसा कर रही है। शादाब जकाती, मेरठ के इंचौली थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। वे क्रिकेट के शौकीन हैं। पहले सऊदी अरब में ड्राइवर के रूप में काम कर चुके हैं।

**सीओ सदर देहात शिव प्रताप सिंह ने कहा- खुर्शीद थाने आया था, लेकिन उसने अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी है। पत्नी ने भी वीडियो के जरिए अपना पक्ष रखा है। लिखित शिकायत मिलने पर ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।**



इस REEL में शादाब जकाती फ्लाइट के अंदर हैं। इरम भी उनके साथ हैं। वीडियो इरम रिकॉर्ड कर रही हैं।

## भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ प्रदेश सरकार सख्त

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत लखनऊ, रायबरेली, फतेहपुर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) क्रमशः श्री राजीव कुमार बंसल, श्री अम्बुज एवं श्रीमती पुष्पांजलि मित्रा गौतम को निलंबित कर दिया गया है। परिवहन मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उक्त अधिकारियों को निलंबित किया गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार सख्त है और किसी भी स्तर पर किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा भ्रष्टाचार की घटना स्वीकार्य नहीं है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विशेष सचिव ने बताया कि उक्त अधिकारियों के खिलाफ जनपद रायबरेली के थाना लालगंज में एसटीएफ द्वारा भारतीय न्याय संहिता-2023, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम-1988 एवं मोटरयान अधिनियम-1988 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गयी थी। एसटीएफ की कार्यवाही में उक्त अधिकारियों के खिलाफ गंभीर कृत्यों/कदाचार में संलिप्तता परिलक्षित होने के कारण उक्त अधिकारियों का नाम दर्ज होना सरकारी सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन, कर्तव्यहीनता और शासकीय राजस्वांे को क्षति पहुंचाने तथा विभाग की छवि धूमिल करने के दृष्टिगत उक्त अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गयी है।



**परिवहन मंत्री के निर्देश पर लखनऊ, रायबरेली एवं फतेहपुर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) किये गये निलंबित**

**फास्ट न्यूज**

### प्रिंसिपल के बेटे की नशा मुक्ति केंद्र में मौत

वाराणसी । वाराणसी में नशा मुक्ति केंद्र में युवक की मौत के बाद परिवार के लोगों ने हंगामा किया। मां ने कहा- मेरे बेटे की हत्या की गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरा मामला शुक्रवार को सारनाथ के जन सुधार नशा मुक्ति केंद्र का है। युवक आदित्य बीएचयू से एंथ्रोपोलॉजी की पढ़ाई कर रहा था। जबकि मां प्रतिभा गोस्वामी जीजीआईसी सैयदराज, चंदौली की प्रिंसिपल हैं।

### वाराणसी के सामने घाट पर नाविकों में मारपीट

वाराणसी । वाराणसी के लंका थाना क्षेत्र के सामनेघाट स्थित जजेज गेस्ट हाउस के निकट बने पक्का घाट पर नाव लगाने को लेकर हुए प्राणघातक हमले के मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित 50 से 60 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई गौतम साहनी, निवासी मदरवा, थाना लंका की शिकायत पर की गई है।

गौतम साहनी ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को पक्का घाट पर सवारी के इंतजार में वह स्थानीय लोगों कल्लू, रामचंद्र, सोमनाथ, रामानंद और विकास साहनी के साथ बैठे थे।

### मोबाइल चलाते-चलाते औंधे मुंह गिरा छात्र, मौत

कानपुर । कानपुर में IIT की तैयारी कर रहे छात्र की रील देखते-देखते मौत हो गई। वह बेड पर बैठकर मोबाइल देख रहा था। तभी अचानक जमीन पर गिरा, पल भर में मौत हो गई। उसके छोटे भाइयों ने आस-पड़ोस के लोगों को बुलाया। उसे कांशीराम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## महिला थानाध्यक्ष पैदल ग्रस्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास करा रही



तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। भीषण ठंड एवं शीतलहर में भी महिला थानाध्यक्ष के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मी ग्रस्त करते हुए लोगों को सुरक्षा प्रदान कर रही है। महिला थानाध्यक्ष रत्ना सिंह के निर्देश पर उप निरीक्षक मीरा रानी, सोनी वर्मा, काजल शर्मा, संध्या आदि महिला पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस लाइन चौराहे पर दो पहिया वाहनों की चेकिंग करते हुए लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने की सीख भी दे रही है जबकि स्वयं थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ के भीषण ठंड में भी महिला थाने से अपनी टीम के साथ कंपनीबाग ,घुसियाना छाया चौराहा होते हुए धरोखर चौराहे तक पैदल ग्रस्त करके लोगों को सुरक्षा का एहसास कर रही।

## नूरपुर पुलिस ने गोकशी मामले के आरोपी मुनासिर उर्फ भूरा को किया गिरफ्तार

चांदपुर । जनपद बिजनौर की नूरपुर पुलिस ने गोकशी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी मुनासिर उर्फ भूरा को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी 29 दिसंबर 2025 को थाना क्षेत्र में गौवंशीय अवशेष मिलने के बाद दर्ज मुकदमे के सिलसिले में की गई है। आरोपी बिजनौर के मोहल्ला मोहम्मद नगर, नूरपुर का निवासी है। पुलिस के अनुसार, 29 दिसंबर 2025 को नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जाफराबाद कुरई के जंगल में गौवंशीय अवशेष पाए गए थे। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मु0अ0सं0 433/2025, धारा 3/5/8 गौवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान 29/30 दिसंबर 2025 की रात पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो अभियुक्तों को अवैध हथियारों और पशु वध के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया था।

## आबादी की ओर बढ़ते ही वन टीम ने भेड़िये को गोली मार दी, सीएम के साफ निर्देश

# बहराइच में 9वें भेड़िए को वन विभाग ने मार गिराया

तमसा संकेत, एजेंसी

बहराइच । बहराइच जिले में आदमखोर भेड़ियों के आतंक के बीच गुरुवार देर शाम वन विभाग को एक और बड़ी सफलता मिली। कैसरगंज वन रेंज में गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने 9वें भेड़िए को मार गिराया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान भेड़िया जैसे ही आबादी की ओर बढ़ा, वन विभाग के शार्प शूटर ने उसे गोली मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

गुरुवार शाम रेंजर ओंकार यादव अपनी टीम के साथ कैसरगंज वन रेंज के भिरगू पुरवा गांव के पास नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान झाड़ियों के बीच एक भेड़िया दिखाई दिया। टीम ने पहले उसे घेरकर पकड़ने की कोशिश की, लेकिन भेड़िया अचानक गांव की दिशा में बढ़ने लगा। हालात की गंभीरता को देखते हुए शूटर को अलर्ट किया गया और तत्काल गोली चलाने का फैसला लिया गया। वन अधिकारियों के मुताबिक, अगर भेड़िया गांव में घुस जाता तो जान-माल के बड़े नुकसान की आशंका थी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि अगर भेड़िए पकड़ में न आएं और आबादी के लिए खतरा बनें, तो उन्हें शूट किया जाए। इसके बाद वन विभाग ने शार्प शूटरों के साथ विशेष अभियान शुरू किया। ड्रोन, कैमरा ट्रैप और गश्ती टीमों के जरिए पूरे इलाके पर नजर रखी जा रही है।



**9वें भेड़िए के मारे जाने के बाद गांवों में कुछ हद तक राहत जरूर है, लेकिन लोगों का कहना है कि जब तक आखिरी भेड़िया पकड़ा या मारा नहीं जाता, तब तक चैन नहीं मिलेगा। वन विभाग का दावा है कि स्थिति अब नियंत्रण में है, फिर भी टीमें लगातार इलाके में गश्त कर रही हैं।**



### 11 मासूमों सहित 13 लोगों की जान ले चुका है आतंक

कैसरगंज और आसपास के इलाकों में सितंबर से दिसंबर के बीच आदमखोर भेड़ियों के हमलों ने पूरे जिले को दहशत में डाल दिया था। इन हमलों में अब तक 11 मासूम बच्चों समेत कुल 13 लोगों की मौत हो चुकी है। गांवों में शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जाता था, लोग बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे थे। लगातार हो रही मौतों के बाद मामला शासन स्तर तक पहुंचा।

# निर्देश : चालकों से दिन में 8 घंटे ही लिया जाए कार्य

## संभागीय परिवहन अधिकारी, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर हुई बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 1जनवरी से 31जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जनवरी माह को जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

शुक्रवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में बैठक आहूत की गयी, जिसमें सभी बस/ट्रक/ऑटो/ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालकों एवं उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ जीरो फैटेलिटी हेतु बैठक आहूत की गयी, जिसमें सभी बस/ट्रक ऑपरेटरों को अपने वाहनों को मार्ग से भेजने से




पूर्व ब्रेक सिस्टम, क्लिच सिस्टम, फॉग लाइट, स्टेरिंग सिस्टम, बैक लाइट आदि को दुरुस्त रखने, वाहन की मानक के अनुरूप फिटनेस रखने, वाहनों को परमिट से आच्छादित करने, वाहनों में लगे इलैक्ट्रिक उपकरणों को दुरुस्त रखने की हिदायत दी गयी।

सभी बस/ट्रक चालकों अवगत कराया गया है कि लम्बी दूरी हेतु एक वाहन पर कम से कम दो ड्राइवर रखे जायें। एक चालक से 01 दिन में सिर्फ 08 घण्टे ही काम लिया जाए। सभी बस बस/ट्रक/ऑटो/ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालक अपने वाहनों में फर्स्ट ऐड बॉक्स रखना सुनिश्चित करें। सभी बसों में आपात कालीन खिड़की अवश्य लगी होनी चाहिए, वाहनों में आपातकालीन खिड़की ऐसी जगह पर लगी होनी चाहिए जहाँ आपातकाल में आसानी से प्रयोग में लाई जा सके। कोहरे में अपने वाहन की धीमी गति में ही चलाएँ।

## जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपद में साप्ताहिक बंदी के दिन किए निर्धारित

बिजनौर । जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम, 1962 की धारा 8 के साथ पठित नियमावली के नियम-6 में प्रदत्तश् अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद बिजनौर में स्थित नियोजनों के साप्ताहिक बन्दी के सम्बन्ध में जनहित को दृष्टि में रखते हुए अपवादों को छोडकर वर्ष 2026 के लिये जनपद के विभिन्न स्थानों के लिए साप्ताहिक बन्दी दिवस स्वीकृत किया गया है।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र नगर पालिका व नगर पंचायत में आवर्त प्रतिष्ठान/समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान बिजनौर के लिये बुद्धवार साप्ताहिक बन्दी व फोटो कॉपी करने वाली दुकानों के लिए रविवार साप्ताहिक बन्दी दिन घोषित किया जाता है। चांदपुर, नजीबाबाद के लिए बृहस्पतिवार, किरतपुर, स्योहारा, मण्डावर, बढापुर व अफजलगढ के लिए शुक्रवार है।

# धामपुर हाईवे पर दिखाई दिया गुलदार लोगों में दहशत


## वन विभाग ने दी सावधानी बरतने की सलाह

तमसा संकेत, संवाददाता

चांदपुर। जनपद बिजनौर के धामपुर क्षेत्र में नगीना रोड पर हाईवे किनारे एक गुलदार दिखाई दिया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार, शेरकोट निवासी दो बाइक सवार युवक नगीना रोड से गुजर रहे थे। उन्होंने हाईवे किनारे गुलदार को बैठा देखा और उसका वीडियो बना लिया। वायरल वीडियो में गुलदार पुरैनी गांव के साइन बोर्ड के पास सड़क किनारे बैठा साफ दिखाई दे रहा है।

राहत की बात यह रही कि गुलदार ने बाइक सवार युवकों का पीछा नहीं किया और कुछ देर बाद जंगल की ओर चला गया। हालांकि,



इस घटना के बाद आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि नगीना रोड पर दिन-रात वाहनों की आवाजाही रहती है, ऐसे में गुलदार का खुलेआम दिखना बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द गुलदार को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग की है। उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से इलाके में गश्त बढ़ाने और सतर्कता बरतने की अपील की है। वन विभाग को भी मामले की जानकारी दे दी गई है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि इस क्षेत्र से गुजरते समय सावधानी बरतें, अकेले निकलने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग या पुलिस को दें।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### जल त्रासदी पर...

एडिशनल कमिश्नर सिसोनिया का ट्रांसफर कर दिया है।

वहीं, इंचार्ज सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर संजीव श्रीवास्तव से जल वितरण कार्य विभाग का प्रभार वापस ले लिया है। उधर, राहुल गांधी ने इस घटना के लिए डबल इंजन की सरकार को जिम्मेदार बताया है।

गुना के अंबेडकर चौराहे पर भी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। उनके इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने जलते पुतले पर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया तो झूमाझटकी हो गई। पुतले को पूरी तरह जलाने की कोशिश में एक कार्यकर्ता के मफलर ने आग पकड़ ली। इसे बुझाने में साथी कार्यकर्ताओं के हाथ झुलस गए।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जा रहा है, जो इंदौर नगर निगम के पानी के टैंकर का है। इस पर लिखा है- यह पानी पीने योग्य नहीं है।

सोशल मीडिया पर लिखा जा रहा है कि इंदौर नगर निगम ऐसा पानी लोगों को दे रहा है, जो पीने योग्य नहीं है।

इस वीडियो के संदर्भ में नगर निगम ने सफाई दी है। वीडियो जारी कर कहा है- वायरल वीडियो में दिखाई गई जगह बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहे पर स्थित वार्ड क्रमांक 37 का हाजिरी सेंटर है। यहां सफाई मित्रों द्वारा काम शुरू करने से पहले झाड़ू को गीला करने और काम होने के बाद हाजिरी लगाने से पहले हाथ-पैर धोने समेत फावड़ा आदि उपकरणों की सफाई हेतु पानी का उपयोग किया जाता है। इस पानी का उपयोग केवल सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कामों के लिए किया जाता है, पीने के पानी के रूप में इसका उपयोग नहीं किया जाता है।

### गुजरात में सुरेंद्रनगर...

ईडी की पूछताछ में मोरी ने बताया था कि रिश्वत का 50 प्रतिशत हिस्सा जिला कलेक्टर को मिला था। 10 प्रतिशत उन्होंने खुद रखा और बाकी रकम रेजिडेंट एडिशनल कलेक्टर आरके ओझा (25 प्रतिशत), तहसीलदार मयूर दवे (10 प्रतिशत) और क्लर्क मयूरसिंह डी. गोहिल (5 प्रतिशत) को दी गई थी। मोरी का कहना था कि सारा हिसाब-किताब कलेक्टर का पीए जयराजसिंह झाला तय करता था।

डिप्टी तहसीलदार मोरी को सौराष्ट्र घरखेड़ टेनेंसी सेटलमेंट एंड एग्रीकल्चरल लैंड्स ऑर्डिनेंस, 1949 के तहत CLU (भूमि उपयोग में बदलाव) आवेदनों के टाइटल वेरिफिकेशन और प्रोसेसिंग का काम सौंपा गया था। लेकिन, मोरी ने अपनी पावर का दुरुपयोग किया।

मोरी पर आरोप है कि उन्होंने थान के विद इलाके में 1500 करोड़ रुपए कीमत की 3600 बीघा से अधिक जमीन की फाइल को जल्दी मंजूरी दिलाने के आवेदनों से रिश्वत ली। ED ने कहा कि रिश्वत की रकम प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से तय की गई थी।

### 21 आईएएस का...

शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा भी महिला अफसरों को सौंपा गया है। साथ ही निर्वाचन, वित्त, राजस्व, नगर विकास, चिकित्सा शिक्षा और महिला कल्याण जैसे विभागों के अफसरों में भी फेरबदल किया गया है।

अपर्णा यू को प्रमुख सचिव राजस्व, एसवीएस रंगाराव को प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय राष्ट्रीय एकीकरण तथा सामान्य प्रशासन बनाया है। इसके अलावा अखंड प्रताप सिंह विशेष सचिव निर्वाचन से उसी विभाग में सचिव बनाए गए हैं।

नेहा शर्मा को प्रभारी महानिरीक्षक निबंधक से महानिरीक्षक निबंधक की जिम्मेदारी दी गई। डॉ. सारिका मोहन को सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा बनाया गया है। IAS ट्रांसफर सूची में महिला अफसरों को प्राइम पोस्टिंग दी गई है। अर्पणा यू को राजस्व विभाग का प्रमुख सचिव, सुधा वर्मा को राजस्व विभाग का सचिव, मोनिका रानी को स्कूल शिक्षा महानिदेशक, सारिका मोहन को चिकित्सा शिक्षा विभाग का महानिदेशक, नेहा शर्मा को महानिदेशक निबंधन, डॉ. वंदना शर्मा को निदेशक महिला कल्याण विभाग और संदीप कौर को वित्त विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है।

### दुष्कर्म के दोषी...

आसाराम के आगमन की खबर मिलते ही सूरत और दक्षिण गुजरात से ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे पड़ोसी राज्यों से भी सैकड़ों श्रद्धालु बसों में सूरत के जहांगीरपुरा आश्रम पहुंचे हैं। आश्रम के अंदर और बाहर अनुयायियों की भारी भीड़ के चलते पुलिस की टीमें भी आश्रम के बाहर तैनात कर दी गई हैं।

इससे पहले एक ऐसा ही मामला करीब तीन महीने पहले भी सूरत शहर में देखने को मिला था। सिविल हॉस्पिटल में आसाराम समर्थकों के एक समूह ने मेन गेट पर आसाराम की एक फोटो रखकर पूजा-आरती की थी। आरती के दौरान मंत्रोच्चार और भजन हुए। आरती में शिशु रोग विभाग की वरिष्ठ डॉक्टर जिगिशा पटाडिया, नर्स और सुरक्षाकर्मी भी शामिल हुए थे।

### 'दुर्भाग्य से हमारे ...

अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोसी बुरे हैं। उदाहरण के लिए पश्चिम में स्थित हमारे पड़ोसी को देखें, अगर कोई देश जानबूझकर, लगातार और बिना पश्चाताप किए आतंकवाद को जारी रखने का फैसला करता है, तो हमें आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है। हम उस अधिकार का प्रयोग करेंगे।

### यह समझौता संभव...

आप यह नहीं कह सकते, कृपया मेरे साथ पानी साझा करें, लेकिन मैं आपके साथ आतंकवाद जारी रखूंगा। यह समझौता संभव नहीं है।

गौरतलब है कि पिछले महीने विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था कि भारत की अधिकांश समस्याएं पाकिस्तानी सेना से उत्पन्न होती हैं। जिस तरह अच्छे आतंकवादी और बुरे आतंकवादी होते हैं, उसी तरह अच्छे सैन्य नेता भी होते हैं और जाहिर तौर पर उतने अच्छे नहीं होते। इसे पाकिस्तान सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के संदर्भ में देखा गया।

### अकबरपुर रेलवे ...

वीडियो में सड़क जाम, तेज डीजे पर नृत्य, तलवार से केक काटना और हथियार लहराने के दृश्य नजर आने का दावा किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने तत्काल कार्रवाई की मांग की। वायरल वीडियो के आधार पर शुक्रवार को पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। हालांकि, तमसा संकेत न्यूज एजेंसी वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं कर रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना रात करीब 10 बजे से 12 बजे के बीच की है। इस दौरान मुरादाबाद क्षेत्र से रेलवे स्टेशन और अन्य मार्गों की ओर जाने वाले रास्तों पर यातायात प्रभावित रहा। सड़क पर नाच-गाने के चलते कई वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने पड़े।

तेज आवाज में बज रहे गानों और सड़क पर हंगामे के कारण क्षेत्र की शांति भंग होने का आरोप लगाया गया है।

### 'बिहार में 20-25 ...

इधर, बिहार महिला आयोग ने पूरे मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने कहा, मामले पर महिला मंत्री के पति को नोटिस भेजा जाएगा। उनसे जवाब मांगा जाएगा। वहीं विवाद बढ़ने के बाद मंत्री के पति ने माफी मांग ली है। 2022 में सोमेश्वर से विधायक और मंत्री रेखा आर्य 2027 की तैयारी में जुट गई हैं। उनके पति गिरधारी लाल चुनाव की तैयारी में पूरा साथ दे रहे हैं। करीब 7-8 दिन पहले चुनावी रणनीति तैयार करने के लिए ही गिरधारी लाल अल्मोड़ा जिले में पड़ने वाली सोमेश्वर सीट के दौलाघाट क्षेत्र में पहुंचे थे। यहां पर कार्यकर्ताओं को एकजुट करने वाले एक कार्यक्रम में उन्होंने मंच से ये बयान दिया।

## कहा- पाकिस्तानी मुस्लिम होने के चलते दोहरा बर्ताव झेला, एशेज में आखिरी बार खेलेंगे

# ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ख्वाजा ने लगाए नस्लीय भेदभाव के आरोप

**संन्यास**

**कैनबरा, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के ओपनिंग बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने अंतर-राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। सिडनी (SCG) में खेला जाने वाला एशेज सीरीज का आखिरी टेस्ट उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। संन्यास की घोषणा के साथ ही ख्वाजा ने अपने करियर के दौरान झेली नस्लीय टिप्पणियों और मैनेजमेंट के दोहरे मानदंडों पर खुलकर बात की। ख्वाजा ने कहा कि पूरे करियर में मुझे मेरे पाकिस्तानी



मूल और मुस्लिम पहचान के कारण कई बार अलग नजर से देखा गया। मुझे अनुचित आलोचना का सामना करना पड़ा। जब भी मैं चोटिल हुआ, मीडिया और कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने बिना पूरी जानकारी के सवाल उठाए। उन्होंने आगे कहा, 'पाकिस्तानी, वेस्ट इंडियन या अक्सर स्वार्थी, मेहनत न करने वाला और टीम की परवाह न करने वाला बताया जाता है। यह सब मैंने अपनी पूरी

> **ख्वाजा ने स्वीकार किया कि एशेज की शुरुआत मेरे लिए आसान नहीं रही। एडिलेड टेस्ट में शुरुआती प्लेइंग इलेवन में जगह न मिलना मेरे लिए बड़ा संकेत था। उन्होंने कहा, 'जब मुझे एडिलेड में नहीं चुना गया, तभी समझ आ गया कि आगे बढ़ने का वक्त आ गया है।'**

जिंदगी झेला है।' ख्वाजा ने कहा, जब मैं चोटिल हुआ, तो लगातार 5 दिनों तक मेरी आलोचना होती रही। मुझे अक्सर आलसी, गैर-जिम्मेदार और टीम के लिए न खेलने वाला बताकर पेश किया गया। ये सब नस्लीय स्टीरियोटाइप्स का हिस्सा हैं।



### गोल्फ खेलने को लेकर भी उठे सवाल

ख्वाजा ने पर्थ टेस्ट से पहले गोल्फ खेलने और एक वैकल्पिक ट्रेनिंग सत्र में शामिल न होने को लेकर हुई आलोचना का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने मेरी चोट के लिए गोल्फ खेलने को जिम्मेदार ठहरा दिया।

ख्वाजा ने कहा, 'मैं दर्जनों ऐसे उदाहरण दे सकता हूं, जहां खिलाड़ी मैच से पहले गोल्फ खेलते हैं और चोटिल हो जाते हैं, लेकिन उन पर कोई सवाल नहीं उठता। कई खिलाड़ी मैच से पहले 15 बीयर पीते हैं, फिर भी कोई मुद्दा नहीं बनता, क्योंकि उन्हें 'ऑस्ट्रेलियन रिकिन्स' कहा जाता है। जब मैं चोटिल हुआ, तो मेरी साख पर सवाल उठाए गए।'

## आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ी को खरीदने पर शाहरुख का विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेश में हिंदुओं की हो रही हत्या पर धर्मगुरुओं देवकीनंदन ठाकुर और जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने गुरुवार को आपत्ति जताई। कहा कि इसके बावजूद बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को IPL में क्यों खरीदा गया।

रामभद्राचार्य ने कहा, 'शाहरुख खान हीरो नहीं है। उनका कोई चरित्र नहीं है। वे गद्दारों जैसे काम रहे हैं।' शाहरुख की फ्रैंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने क्रिकेटर रहमान को 9.2 करोड़ रुपए में खरीदा है।

देवकीनंदन ने कहा कि एक टीम मालिक इतना पत्थर दिल कैसे हो सकता है कि वह उस देश के क्रिकेटर को अपनी टीम में शामिल करे, जहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। दरअसल, बांग्लादेश में 12 दिन में 3 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है। भारत में इसका विरोध हो रहा है। कई जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। आध्यात्मिक



गुरु देवकीनंदन ठाकुर ने विरोध जताते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं का बेरहमी से कत्ल किया जा रहा है, उनके घर जलाए जा रहे हैं और उनकी बहनों और बेटियों का रेप किया जा रहा है। ऐसी बेरहम हत्याएं देखने के बाद कोई इतना पत्थर दिल कैसे हो सकता है, खासकर वह जो खुद को एक टीम का मालिक कहता है? वह इतना क्रूर कैसे हो सकता है कि उसी देश के क्रिकेटर को अपनी टीम में शामिल करे? तुम इस देश का कर्ज कैसे चुकाओगे? एक बांग्लादेशी क्रिकेटर को लाकर और उसे हमारी जमीन पर खिलाकर? हम KKR मैनेजमेंट और उनके बॉस से कहेंगे, इस बात को समझो और उस क्रिकेटर को टीम से निकालो।

# एसए20 में पहली बार सुपर ओवर जॉबर्ग सुपर किंग्स की हुई जीत

## डरबन को 5 रन पर रोका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

SA20 लीग में गुरुवार, 1 जनवरी को वांडरर्स स्टेडियम में जॉबर्ग सुपर किंग्स और डरबन सुपर जायंट्स के बीच मुकाबले का फैसला सुपर ओवर से हुआ, जो टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार खेला गया। रोमांचक मुकाबले में जॉबर्ग ने सुपर ओवर में जीत दर्ज कर पॉइंट्स टेबल में टॉप पोजिशन हासिल कर ली।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जॉबर्ग सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 205 रन बनाए। कप्तान फाफ डु प्लेसिस (30 गेंद, 47 रन) और मैथ्यू डी विलियर्स (26 गेंद, 38 रन) ने 8.4 ओवर में 89 रन की ओपनिंग साझेदारी की। इसके बाद अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शुभम रंजन ने 31 गेंदों में नाबाद 50 रन बनाए। उन्होंने डोनोवन फरेरा के साथ 16 गेंदों में 49 रन की नाबाद साझेदारी



की। फरेरा ने 10 गेंदों में 33 रन ठोके।

दूसरी ओर, डरबन के लिए नूर अहमद और साइमन हार्मर की स्पिन जोड़ी ने 8 ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट लिए। नूर अहमद ने 4 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट झटके। 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए डरबन सुपर जायंट्स की शुरुआत ठीक रही, लेकिन बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी। कप्तान एडन मार्करम (30 गेंद, 37 रन) और एवन जोन्स (17 गेंद, 43 रन) ने 24 गेंदों में 60 रन जोड़कर मुकाबला बराबरी की ओर ले गए। आखिरी ओवर में डरबन को 15 रन चाहिए थे। दूसरी गेंद पर ईथन बॉश ने छक्का लगाया। इसके बाद दो वाइड गेंदें आईं। पांचवीं गेंद पर हार्मर ने चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। अंतिम गेंद पर जीत के लिए एक रन चाहिए था, लेकिन डोनोवन फरेरा के सटीक थ्रो पर बॉश रन आउट हो गए और मैच सुपर ओवर में पहुंच गया। जॉबर्ग की ओर से रिचर्ड ग्लीसन ने सुपर ओवर डाला। पहली गेंद पर कैच छूटा, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और डरबन को 5 रन पर रोक दिया। अंतिम गेंद पर एवन जोन्स रन आउट हुए।

## 12 सदस्यीय टीम में बशीर-पॉट्स को मौका, एटकिंसन चोट की वजह से बाहर

# सिडनी टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान







**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए शुक्रवार को 12 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। यह मुकाबला 4 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (SCG) में खेला जाएगा।

22 साल के शोएब बशीर ने 2024 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। अब तक वह 19 टेस्ट मैचों में 68 विकेट ले चुके हैं। बशीर ने टेस्ट करियर में दो बार चार विकेट और चार बार पांच विकेट हॉल भी लिए हैं। मौजूदा एशेज सीरीज में यह पहली बार है जब इंग्लैंड ने किसी स्पेशलिस्ट स्पिनर को टीम में जगह दी है। इससे पहले ऑलराउंडर विल जैक्स ही स्पिन ऑप्शन थे। वहीं 27 साल के मैथ्यू पॉट्स ने जून 2022 में लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। अब तक उन्होंने 10 टेस्ट मैचों में 36 विकेट लिए हैं। पॉट्स के नाम भी दो चार विकेट हॉल दर्ज हैं।



शोएब बशीर ने अब तक वह 19 टेस्ट मैचों में 68 विकेट लिए हैं।

> **मेलबर्न के बॉक्सिग डे टेस्ट में जीत दिलाने वाली टीम का हिस्सा रहे तेज गेंदबाज गस एटकिंसन इस मुकाबले में नहीं खेलेंगे। उन्हें हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण बाहर कर दिया गया है।**

> **ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 3-1 से आगे है। इंग्लैंड ने मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट की टीम से दो बदलाव किए हैं। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर और तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल किया गया है।**

### ख्वाजा का आखिरी इंटरनेशनल मैच

इस बीच, पांचवें टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा ने भी पुष्टि की है कि वह सिडनी टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। 39 साल ख्वाजा ने अपने टेस्ट करियर में 87 मैचों में 6206 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं।

**5वें एशेज टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम**

बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, विल जैक्स, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), जोश टंग।

## मनोरंजन



## फिर होगा 'भूल भुलैया' जैसा जादू, जल्द होगी शूटिंग शुरू

# 2026 में ब्लॉकबस्टर धमाका करेंगे अक्षय

नई दिल्ली। बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के लिए साल 2025 भले ही मिला-जुला रहा हो लेकिन अब साल 2026 में अक्षय ने धमाकेदार वापसी का पूरा मन बना लिया है। अक्की की ब्लॉकबस्टर फिल्मों की फेहरिस्त यूं तो लंबी है लेकिन अब खिलाड़ी कुमार के पास एक ऐसी फिल्म है, जिसके हिट होने की गारंटी अभी से मानी जा रही है और बड़ी बात ये है कि अक्षय की ये फिल्म उसी फ्लेवर की है, जिसके लिए वो दर्शकों के फेवरेट हैं।

दरअसल अक्षय कुमार (Akshay Kumar) नए साल पर अपनी नई फिल्म



की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग 15 जनवरी से शुरू होने जा रही है। ये वही फिल्म है जिसमें अक्षय कुमार अपनी पुरानी को-स्टार विद्या बालन के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए दिखेंगे। बड़ी बात ये है कि अक्षय और विद्या सालों बाद एक दूसरे के साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं, ऐसे में

> **सब जानते हैं कि अक्षय की कॉमिक टाइमिंग कितनी कमाल की है। वहीं विद्या बालन भी कई फिल्मों में अपना फनी साइड दिखा चुकी हैं। फिलहाल तो अक्षय और विद्या की इस फिल्म को अब अनीस बज्मी डायरेक्ट करने जा रहे हैं। अनीस बज्मी बॉलीवुड के वो डायरेक्टर हैं, जिन्होंने कॉमेडी फिल्मों को नई पहचान दी है।**

फैंस काफी एक्साइटेड हैं। वहीं फिल्म के लिए डायरेक्टर भी मिल गया, जो इस फिल्म को डायरेक्ट करेंगे। अक्षय की इस फिल्म को कोई और नहीं बल्कि अनीस बज्मी डायरेक्ट करने जा रहे हैं। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अनीज बज्मी चाहते हैं कि वो विद्या और अक्षय की कॉमिक टाइमिंग को पर्दे पर अच्छे से भुना पाएं, इसके लिए उन्होंने सारी तैयारी की है।

# हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ पर लगे सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप

## बंद कमरे में मेल वायलिनिस्ट के साथ किया ऐसा!

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉलीवुड जगत के जाने माने अभिनेता विल स्मिथ अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। भारत में भी विल स्मिथ को काफी पसंद किया जाता है, साथ ही यहां उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग भी है। अब लीजिए विल स्मिथ एक नए विवाद में फंस गए और ये विवाद इतना बड़ा है कि जिसके चलते विल स्मिथ पर अब यौन उत्पीड़न के आरोप लग गए हैं।

विल स्मिथ की परेशानियां एक वायलिनिस्ट ने बढ़ाई हैं। दरअसल 'बेस्ड ऑन अ ट्रू स्टोरी 2025' टूर की वायलिन वादक ब्रायन किंग



जोसेफ ने लगाए हैं। ब्रायन हॉलीवुड का जाना माना नाम हैं और मशहूर वायलिनिस्ट हैं और America's Got Talent का हिस्सा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर उनके एक लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। ब्रायन ने विल स्मिथ और उनकी कंपनी 'ट्रेबॉल स्टूडियोज मैनेजमेंट' के खिलाफ आरोप लगाए हैं। ब्रायन ने विल स्मिथ और उनकी कंपनी पर सेक्शुअल हैरेसमेंट और गलत तरीके से नौकरी से निकालने और बदले की कार्रवाई का भी आरोप लगाया है। इस टूर के दौरान ही विल स्मिथ ने ब्रायन के साथ ये सब किया, ऐसा वायलिनिस्ट का आरोप है। वैरायटी को मिले कोर्ट डॉक्यूमेंट्स और रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रायन (Brian) ने विल (Will) और ट्रेबॉल स्टूडियो मैनेजमेंट पर मुकदमा दायर किया है।

# 588 करोड़ कमाने वाली फिल्म के ऑडिशन में ही फेल हो गए थे

## अक्षय खन्ना, आज भी पछता रहे 'धुंरधर' के 'रहमान डकैत'

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पिछला साल खत्म-खत्म होते-होते मनोरंजन जगत का एक ऐसा सितारा चमका जिसका इंतजार दर्शकों को सालों से था-अक्षय खन्ना। 5 दिसंबर को रिलीज हुई धुरंधर में अक्षय खन्ना के डांस, डायलॉग्स, मूव्स और एंट्रीसबकुछसोशल मीडिया पर छाया रहा। अक्षय खन्ना के कमबैक का पूरी इंडस्ट्री और फैंस ने जमकर जश्न मनाया। लेकिन क्या आपको पता है एक फिल्म ऐसी भी है जिसमें अक्षय खन्ना ने कई लुक टेस्ट दिए पर उन्हें वह फिल्म नहीं मिल सकी। यह फिल्म ब्लॉबस्टर रही थी और इसमें रणबीर कपूर ने लीडरोल प्ले किया था। उन्होंने कहा, 'राजकुमार हिरानी और मेरी कुछ मीटिंग्स हुई थीं। कई लुक टेस्ट के बावजूद मैं उस किरदार के लिए फिट नहीं था। इसलिए मैं उस



बायोपिक में उनके साथ काम नहीं कर पाया। वह रोल आखिरकार परेशरावल को मिला। एक्टररणबीर कपूर ने संजय दत्त की बायोपिक में लीडरोल निभाया था, जो बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।रोल मिलने के बारे में बात करते हुए अक्षय ने कहा, 'फिल्म का हिस्सा बनने का मौका मिलने के बाद भी संजू में काम न कर पाने का मुझे दुख है। वह (राजकुमार हिरानी) एक बहुत ही शानदार और बेहतरीन कहानीकार हैं'। उन्होंने दिवंगत एक्टर्सश्री-देवी, कादर खान और विनोद खन्ना के साथ काम करने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'वे सभी बहुत बड़े स्टार थे और उनके साथ काम करना एक शानदार अनुभव था।

### इस फिल्म के लिए अक्षय ने दिया था ऑडिशन

एक्टर अक्षय खन्ना को संजू में दिवंगत एक्टर सुनील दत्त का रोलऑफर किया गया था। हालांकि वह लुक टेस्ट में फेल हो गए और इसलिए यह मौका उनके हाथ से निकल गया। एक्टर ने अपनी आने वाली फिल्म द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर के प्रमोशन के दौरान इस बारे में बात की थी।

### धुरंधर 2 में इस टीवी हसीना को मिली एंट्री

नई दिल्ली। रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना की स्पाई थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया। पहले दिन से ही धमाल मचाने वाली इस मूवी ने इंडिया में 766.90 और वर्ल्डवाइड 1143.27 करोड़ रुपए का अब तक कलेक्शन किया है, लेकिन मूवी के कदम अब भी नहीं रुके हैं।

फिल्म 'धुरंधर' के एंड के साथ ही मेकर्स ने इसके सेकंड पार्ट की घोषणा कर दी थी, जो मार्च के महीने में रिलीज हो रहा है। खुशखबरी ये है कि इस फिल्म में टीवी के टॉप अभिनेत्री को भी एक्टिंग का मौका मिला है, जिसमें हिंट खुद एक्ट्रेस ने दी है।

दरअसल, पिछले कुछ दिनों से ये अफवाह उड़ रही थी कि धुरंधर के पहले पार्ट में स्पेशल नंबर करने वाली क्रिस्टल डिसूजा को सेकंड पार्ट में भी मौका मिला है। जब इस बारे में क्रिस्टल डिसूजा से पूछा गया तो उन्होंने गलाटा मीडिया से बातचीत करे हुए कहा, वेल ये बैड आइडिया नहीं है।

# न्यू ईयर पर 'जवान' खल्लास!

## धुरंधर के आगे शाह रुख की फिल्म ने टेके घुटने, दुनियाभर में सुनामी बनी रणवीर की मूवी


**नई दिल्ली, एजेंसी**

तीन साल पहले शाह रुख खान ने बॉलीवुड में कमबैक किया और बैक-टू-बैक दो सुपरहिट फिल्में पठान और जवान दीं। यह फिल्में पिछले 3 साल से हाइएस्ट ग्रॉसिंग फिल्मों में से एक थी, खासकर जवान। जवान दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई थी। मगर अब धुरंधर ने शाह रुख का ये रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है।

धुरंधर के आगे पस्त हुई जवान

धुरंधर ने नए साल पर ऐसी सुनामी लाई है कि यह दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर ने दुनियाभर में 1164.05 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है जबकि जवान का ऑल टाइम वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1148.32 करोड़ रुपये थे।

अब धुरंधर का अगला टार्गेट आमिर खान की फिल्म दंगल है जो पिछले 10 सालों से हाइएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बनी हुई है। इसने दुनियाभर में 1968 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह रिकॉर्ड अभी तक कोई भी भारतीय फिल्म नहीं तोड़ पाई है, पुष्पा 2 भी नहीं।



> **धुरंधर रिलीज के बाद से ही कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए खतरा बन गया। स्त्री 2, एनिमल, पठान और बजरंगी भाईजान जैसी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद कई दिनों से यह जवान को पछाड़ने की तैयारी में थी। अब 28वें दिन आखिरकार धुरंधर के आगे जवान ने भी घुटने टेक दिए हैं।**


आदित्य धर की धुरंधर का दूसरा पार्ट भी तीन महीने में सिनेमाघरों में दस्तक दे देगा। धुरंधर का भले ही किसी फिल्म से क्लैश न हुआ हो, लेकिन पार्ट 2 का क्लैश यश की टॉक्सिक से होगा। 19 मार्च 2026 को धुरंधर 2 यश की टॉक्सिक के साथ थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और संजय दत्त जैसे किरदारों की वापसी होगी। हालांकि, अक्षय खन्ना की पहले पार्ट में मौत हो गई है तो वह दूसरे पार्ट में नहीं दिखाई देंगे।

### कहा- तुम्हारी चिंता है, 8 अमेरिकी सांसद बोले- जमानत मिले, तिहाड़ जेल में है खालिद

# न्यूयॉर्क मेयर ममदानी ने उमर खालिद के नाम लेटर लिखा

**चिट्ठी**

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**




न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने तिहाड़ जेल में बंद छात्र एक्टिविस्ट उमर खालिद को हाथ से लिखी एक चिट्ठी भेजी है। जेएनयू के पूर्व छात्र पर UAPA कानून के तहत मामला चल रहा है।

यह चिट्ठी ममदानी के 1 जनवरी 2026 को मेयर पद की शपथ लेने के बाद सामने आई है। लेटर में ममदानी ने उमर के लिए एकजुटता और समर्थन जताया।

ममदानी ने लिखा, डियर उमर, मैं अक्सर तुम्हारे उन शब्दों को याद करता हूं जिनमें तुमने कड़वाहट को खुद पर हावी न होने देने की बात कही थी। तुम्हारे माता-पिता से मिलकर खुशी हुई। हमें तुम्हारी चिंता है। जोहरान ममदानी जून 2023 में न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान खालिद के जेल से लिखे लेटर के अंश पढ़ चुके हैं। उस समय उन्होंने बताया था कि खालिद को बिना मुकदमे के लंबी अवधि तक हिरासत में रखा गया है, जो न्यायिक प्रक्रिया की अवहेलना है। खालिद को सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था। उन पर भारतीय दंड संहिता और यूएपीए के तहत कई आरोप लगाए गए हैं।


#### 2020 से तिहाड़ जेल में बंद हैं खालिद

खालिद के खिलाफ मुख्य मामला फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों से जुड़ा है, जिसमें 53 लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों घायल हुए थे। दिल्ली पुलिस का आरोप है कि ये दंगे एक बड़ी साजिश का हिस्सा थे। पुलिस के अनुसार, JNU के पूर्व छात्र उमर खालिद और अन्य आरोपियों ने भड़काऊ भाषण देकर, व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए और गुप्त बैठकों में चक्का जाम और हिंसा की योजना बनाई, जिसका मकसद सरकार को अस्थिर करना था।

#### उमर के माता-पिता ने अमेरिका में ममदानी से मुलाकात की थी

खालिद के माता-पिता दिसंबर 2025 में अमेरिका गए थे। दरअसल, उनकी सबसे छोटी बेटी की शादी होने वाली थी और वहां रहने वाली उनकी बड़ी बेटी शादी में शामिल नहीं हो पा रही थी, इसलिए वे उनसे मिलने गए थे। खालिद की साथी बनोज्योत्सना लाहिड़ी ने बताया कि उमर के माता-पिता ने अमेरिका में ममदानी के साथ काफी समय बिताया और उमर की जेल में बंदी की स्थिति पर चर्चा की।

यह पत्र सामने आने के साथ ही मामदानी का उमर खालिद के लिए समर्थन भी चर्चा में आ गया है।



■ उमर खालिद अपने माता-पिता के साथ दिसंबर 2024 में, जब उन्हें आखिरी बार अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया था।

#### खालिद के समर्थन में आए 8 अमेरिकी सांसद

ममदानी के बाद अब 8 अमेरिकी सांसद खालिद के समर्थन में आ गए हैं। सांसदों ने भारतीय सरकार से अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार खालिद के केस की सुनवाई करने की मांग करते हुए बुधवार को एक लेटर लिखा।

हाउस रूल्स कमेटी के रैंकिंग सदस्य और टॉम लैंटोस ह्यूमन राइट कमिटी के को-प्रसिडेंट, डेमोक्रेट जिम मैकगवर्न ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में उन्होंने उमर खालिद के माता-पिता से मुलाकात की थी।

मैकगवर्न ने आगे कहा कि खालिद को भारत में बिना मुकदमे के 5 साल से अधिक समय से जेल में रखा गया है। अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मैं यह आग्रह कर रही हूं कि उन्हें जमानत दी जाए और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार और समय पर सुनवाई हो।

## श्याम बिहारी के आकस्मिक निधन पर महाना ने व्यक्त किया शोक

**तमसा संकेत, संवाददाता**





लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री सतीश महाना जी ने जनपद बरेली के फरीदपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र–122 से माननीय विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल जी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

माननीय अध्यक्ष जी ने कहा कि प्रो. श्याम बिहारी लाल जी दो बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित होकर जनसेवा में सक्रिय रहे। वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति सदैव सजग और प्रतिबद्ध जनप्रतिनिधि थे। उनकी सरलता, सौम्य व्यवहार और कर्मठता के कारण वे जनमानस में विशेष सम्मान रखते थे। माननीय अध्यक्ष जी ने कहा कि प्रो श्याम बिहारी लाल जी का निधन न केवल उनके परिजनों एवं समर्थकों, बल्कि प्रदेश की राजनीति और सामाजिक जीवन के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई लंबे समय तक संभव नहीं हो सकेगी।

माननीय अध्यक्ष जी ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों एवं समर्थकों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति एवं संबल देने की प्रार्थना की है।

# गिग-वर्कर्स के लिए हुआ सोशल सिक्योरिटी के ड्राफ्ट रूल्स जारी

### 90 दिन काम करने पर हेल्थ-इंश्योरेंस और एक्सीडेंट बेनिफिट्स मिलेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 के तहत ड्राफ्ट रूल्स नोटिफाई कर दिए हैं। इनमें रजिस्ट्रेशन, एलिजिबिलिटी और बेनिफिट्स की डिटेल्स दी गई हैं। एक साल में कम से कम 90 दिन काम करने पर वर्कर्स को फायदा मिलेगा।

16 साल से ऊपर के सभी गिग वर्कर्स को आधार नंबर से रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। एग्रीगेटर्स जैसे स्विगी, जोमैटो, उबर आदि को वर्कर्स की डिटेल्स सेंट्रल पोर्टल पर शेयर करनी होंगी।

इससे यूनिवर्सल अकाउंट नंबर या यूनिक आईडी जनरेट होगी। रजिस्टर्ड वर्कर्स को डिजिटल या फिजिकल आईडेंटिटी कार्ड मिलेगा,



जिसमें फोटो और डिटेल्स होंगी। ये कार्ड पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं।

बेनिफिट्स लेने के लिए पिछले फाइनेंशियल ईयर में एक एग्रीगेटर के साथ कम से कम 90 दिन या कई एग्रीगेटर्स के साथ 120 दिन काम करना जरूरी है। हर दिन कमाई होने पर काउंट होगा, चाहे कितनी भी हो।

अगर एक दिन कई प्लेटफॉर्म्स पर काम किया तो अलग-अलग काउंट होगा, जैसे तीन एग्रीगेटर्स पर एक दिन काम तो तीन दिन माने जाएंगे। 60 साल की उम्र पूरी होने या लगातार 90-120 दिन काम न करने पर एलिजिबिलिटी खत्म हो जाएगी। एलिजिबल वर्कर्स को हेल्थ इंश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस और पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस मिलेगा। एग्रीगेटर्स से कंट्रीब्यूशन लेकर अलग सोशल सिक्योरिटी फंड बनाया जाएगा। सेंट्रल गवर्नमेंट एक ऑफिसर या एजेंसी अपॉइंट करेगी जो कंट्रीब्यूशन कलेक्ट करेगी।

सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 में पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को डेफाइन किया गया था। अब इन ड्राफ्ट रूल्स से प्रैक्टिकल इंप्लीमेंटेशन हो रहा है।

### धार्मिक शहर कोम में हिंसा, ट्रम्प बोले- प्रदर्शनकारियों की हत्या हुई तो फिर हमला करेंगे

# ईरान में खामेनेई के खिलाफ प्रदर्शन हिंसक हुआ, 7 मौतें


**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी। ट्रम्प ने कहा कि अगर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या की गई तो अमेरिका कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।**



**तेहरान, एजेंसी**

ईरान में महंगाई और सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन लगातार छठे दिन भी जारी है। ये प्रदर्शन ईरान के पवित्र शहर तक फैल गए हैं।

कोम शिया धर्मगुरुओं का एक प्रमुख गढ़ है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने राजशाही के समर्थन में नारे लगाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हुई। इसमें 1 जनवरी को 5 लोगों की मौत हुई। इससे पहले 31 दिसंबर को भी एक शख्स की प्रदर्शन के दौरान गोलीबारी में मौत हो गई थी। प्रदर्शन में अब तक 6 आम लोगों और 1 सिक्योरिटी फोर्स की मौत हो चुकी है। ईरान में प्रदर्शन की शुरुआत 28 दिसंबर को हुई थी। तब राजधानी तेहरान में व्यापारियों ने इसकी शुरुआत की थी। अब इसमें हजारों GenZ भी शामिल हो चुके हैं। ट्रुथ सोशल पर ट्रम्प ने लिखा, "अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाता है या उन्हें बेरहमी से मारता है, तो अमेरिका उनकी मदद के लिए आगे आएगा। हम पूरी तरह से तैयार हैं।



■ ईरान में युवाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हजारों लोग सड़कों पर उतर आए और प्रदर्शन किया।

#### राष्ट्रपति बोले- विदेशी ताकतें देश में फूट डाल रही



तेहरान में यूनिवर्सिटी और व्यावसायिक क्षेत्रों में शुरू हुए ये प्रदर्शन अब कई शहरों में फैल चुके हैं। कई जगहों पर बाजार बंद रहे और व्यापारी सड़कों पर उतर आए हैं।

प्रदर्शनकारी कट्टरपंथी मौलानाओं के शासन के खात्मे और राजशाही वापस लाने की मांग कर रहे हैं। इन नारों में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई पर निशाना साधा जा रहा था।

कुछ वीडियो में लोग निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी के समर्थन में नारे लगाते और उन्हें सत्ता सौंपने की मांग करते नजर आए।

राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने हालात संभालने के लिए मोर्चा संभाला है।

#### ईरान में महंगाई से आम लोगों में नाराजगी बढ़ी

देशभर में GenZ आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रहा है। दिसंबर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 72% और दवाओं की कीमतों में 50% तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा सरकार द्वारा 2026 के बजट में 62% टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव ने आम लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है।

## निफ्टी रिकॉर्ड हाई पर, 26340 के स्तर पर पहुंचा

मुंबई । शेयर बाजार में आज यानी 2 जनवरी को तेजी रही। सेंसेक्स 573 अंक चढ़कर 85,762 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी ने आज कारोबार के दौरान नया रिकॉर्ड हाई बनाया, इसने 26,340 के स्तर को छुआ। इसके बाद निफ्टी 182 अंक चढ़कर 26,328 के स्तर पर बंद हुआ। ये निफ्टी का नया क्लोजिंग हाई भी है।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी और 5 में गिरावट रही। NTPC, ट्रेंट और बजाज फाइनेंस के शेयर में 4.5% तक की तेजी देखने को मिली। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, मीडिया, मेटल, PSU बैंक और रियल्टी सेक्टर में 1% से ज्यादा की तेजी रही।

साल के पहले दिन यानी गुरुवार 1 जनवरी 2026 को शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार हुआ। सेंसेक्स 32 अंक गिरकर 85,189 पर बंद हुआ। निफ्टी में 17 अंक की बढ़त रही, ये 26,147 पर बंद हुआ।

### अमेरिका की चेतावनी - चीन बेवजह तनाव बढ़ा रहा, ताकत से हालात बदलने की कोशिश नहीं करे

# चीन-ताइवान का एक होना तय : जिनपिंग

**बीजिंग/ताइपे, एजेंसी**

चीन और ताइवान के बीच फिर से तनाव बढ़ गया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने नए साल के भाषण में कहा कि ताइवान चीन का हिस्सा है और दोनों के बीच खून का रिश्ता है।

उन्होंने कहा कि चीन और ताइवान का एक होना समय की मांग है और इसे कोई रोक नहीं सकता। ताइवान की सरकार ने इसे बहुत उकसाने वाला कदम बताया और कहा कि इससे पूरे क्षेत्र में अशांति फैल सकती है। चीन हमेशा से कहता आया है कि ताइवान उसका हिस्सा है और जरूरत पड़ी तो सेना के दम पर उसे अपने साथ मिला लेगा। वहीं अमेरिका ने भी चीन की इस हरकत की आलोचना की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने



चेतावनी देते हुए कहा कि चीन की बातें बेवजह तनाव बढ़ा रही हैं। अमेरिका की लंबे समय से चली आ रही नीति को दोहराते हुए विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि अमेरिका ताइवान जलडमरूमध्य (ताइवान और चीन के बीच का समुद्री क्षेत्र) में मौजूदा शांति को भंग करने के किसी भी कदम का विरोध करता है। चीन के इस युद्धाभ्यास की वजह अमेरिका और ताइवान के बीच हुई हथियारों की डील मानी जा रही है। अमेरिका ने हाल ही में ताइवान को करीब 11.1 अरब डॉलर के हथियार बेचने की घोषणा की थी, जो अब तक का सबसे बड़ा रक्षा पैकेज है।

#### चीन ने ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास किया था

चीन ने ताइवान के आसपास अपना सबसे बड़ा और सबसे करीबी सैन्य अभ्यास किया है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) के मुताबिक, इस अभ्यास में नौसेना, वायुसेना और रॉकेट फोर्स को एक साथ तैनात किया गया है। इसका नाम ₹जस्टिस मिशन 2025₹ रखा गया।

यह अभ्यास 29 और 30 दिसंबर 2025 को दो दिनों तक चला और 31 दिसंबर को खत्म हो गया। इसमें चीन की सेना ने दर्जनों रॉकेट दागे, सैकड़ों लड़ाकू विमान, नौसेना के जहाज और तटरक्षक बलों को तैनात किया।

अभ्यास में ताइवान के मुख्य द्वीप को पूरी तरह घेरने और उसके प्रमुख बंदरगाहों की नाकाबंदी का अभ्यास किया गया, साथ ही समुद्री और हवाई लक्ष्यों पर सटीक हमले की प्रैक्टिस भी हुई। कुछ रॉकेट ताइवान के बहुत करीब, उसके क्षेत्रीय जलों के पास गिरे, जो अब तक का सबसे निकट अभ्यास था।

#### ट्रम्प बोले- जिनपिंग मेरे अच्छे दोस्त, चीन ताइवान पर हमला नहीं करेगा

अमेरिका पिछले कई दशकों से ताइवान की मदद करता आ रहा है ताकि वह अपनी रक्षा खुद कर सके।

वहीं ट्रम्प ने चीन को लेकर नरम रुख दिखाया है। उन्होंने कहा कि वे चीन के सैन्य अभ्यासों से परेशान नहीं है। चीन पिछले 20 साल से ऐसे अभ्यास करता रहा है। ट्रम्प ने कहा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग से उनके अच्छे संबंध हैं और उन्हें लगता है कि चीन ताइवान पर हमला नहीं करेगा।

#### चीनी सेना बोली- यह बाहरी देशों के दखल के खिलाफ चेतावनी

चीनी सेना ने कहा है कि यह अभ्यास ताइवान की 'अलगाववादी ताकतों' और बाहरी देशों के दखल के खिलाफ चेतावनी है। द गार्डियन ने डिफेंस एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया है कि इस बार चीन का अभ्यास पहले से ज्यादा बड़ा है और ताइवान के बेहद करीब किया जा रहा है।

## आग से बचने के लिए अपार्टमेंट से कूदा तेलंगाना का छात्र, मौत



**नई दिल्ली, एजेंसी**

नए साल के जश्न के दौरान तेलंगाना के जंगांव जिले के हृतिक छात्र की जर्मनी में मौत हो गई। हृतिक उच्च शिक्षा के लिए जर्मनी गया था। वह जिस अपार्टमेंट में रहता था, उसमें 31 दिसंबर की रात को आग लग गई। जिसके बाद उसने आग से जान बचाने की कोशिश में छलांग लगा दी, इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

दरअसल, यह घटना नए साल के ठीक एक दिन पहले 31 दिसंबर को हुई, जब नए साल के जश्न की तैयारियां चल रही थी। इसी दौरान इमारत में आग लग गई। जिसके बाद वह जान बचाने के लिए कूद गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में चोटों के कारण उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान थोकला हृतिक रेड्डी के रूप में हुई है। घटना के बाद से हृतिक के गांव में मातम छाया हुआ है, परिवार के सदस्य, दोस्त और स्थानीय निवासी छात्र की मृत्यु पर शोक व्यक्त कर रहे हैं। जर्मनी में अधिकारी और मित्र इस दुखद घड़ी में परिवार को सहयोग दे रहे हैं।

### अफरा-तफरी : हमले में पांच लोग घायल, अस्पताल में भर्ती कराया गयापुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई

# नए साल पर ग्रेनेड अटैक से दहला बलूचिस्तान

**हमला**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के सिबी जिले में चेनाक चौक के पास गुरुवार शाम हुए ग्रेनेड हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह घटना सिबी जिले के सबसे व्यस्त इलाके में हुई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। सिबी में तैनात स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) गुलाम अली अब्रो ने बताया कि यह घटना शाम करीब 7:05 बजे हुई एक ग्रेनेड हमला थी। डॉन ने एसएचओ के हवाले से बताया कि इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल



हो गए। फिलहाल, पुलिस ने इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी है और जांच शुरू कर दी है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब बलूचिस्तान में आतंकी हमलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस्लामाबाद स्थित सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 पिछले दशक का सबसे हिंसक वर्ष साबित हुआ, जिसमें हिंसा में करीब 34 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

> **एसएचओ आगे बताया कि छह घायल व्यक्तियों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस बीच, सिबी क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) बरकत खोसा ने कहा कि घायलों को टीचिंग अस्पताल ले जाया गया, जबकि मृतक का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया। डीआईजी खोसा ने बताया कि पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है और आगे की जांच जारी है।**

#### पिछले महीने भी हुआ था हमला

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने बलूचिस्तान के खुजदार जिले के वध इलाके में एक घर के अंदर ग्रेनेड फटने से आठ साल के एक बच्चे की मौत हो गई और दो महिलाओं सहित परिवार के पांच अन्य सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सिंध के काशमोर जिले के दो परिवार उस घर में रह रहे थे, जब अज्ञात हमलावरों ने आंगन में एक हथगोला फेंका, जिससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

## फास्टैग के लिए केवाईवी प्रोसेस 1 फरवरी से खत्म होगी

### वाहन मालिकों को बार-बार अपडेट नहीं करना पड़ेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

1 फरवरी 2026 से नई कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय अब KYV (नो योर व्हीकल) प्रोसेस की जरूरत नहीं होगी। नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने नई कार के लिए KYV प्रोसेस बंद करने का फैसला किया है।

साथ ही, जिन कारों पर पहले से फास्टैग लगा है, उनके मालिकों को भी अब रूटीन KYV कराने की जरूरत नहीं होगी। इससे वाहन मालिकों को वैलिड डॉक्युमेंट होने के बावजूद लंबी वेरिफिकेशन प्रक्रिया के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सरकार के इस कदम का उद्देश्य फास्टैग एक्टिव होने के बाद होने वाली परेशानी को खत्म करना है। पहले यूजर्स को अक्सर शिकायत रहती थी कि टैग एक्टिव होने के बाद भी बैंक या अथॉरिटी की




ओर से वेरिफिकेशन के नाम पर देरी की जाती है। नई गाइडलाइन के बाद अब फास्टैग को बार-बार अपडेट करने की जरूरत खत्म हो जाएगी।

अथॉरिटी के अनुसार, KYV की प्रक्रिया को पूरी तरह खत्म नहीं किया गया है, बल्कि इसे 'जरूरत आधारित' बना दिया गया है। अब सिर्फ KYV तभी मांगा जाएगा, जब किसी फास्टैग के गलत इस्तेमाल, गलत तरीके से जारी होने या उसके लूज होने की कोई शिकायत मिलेगी। सामान्य तौर पर काम कर रहे फास्टैग के लिए अब किसी तरह के डॉक्युमेंट की दोबारा मांग नहीं की जाएगी।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं। मो0- 9415799533 R.N.I. NO. 64107/96**